RNI No. MPHIN/2016/67534
दैनिक रुद्रांश दर्पण समाचार-पत्र
को मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान एवं उत्तर प्रदेश के समस्त जिले एवं तहसील में ब्यूरों एवं एजेंसी नियुक्त करना है। पत्रकारिता के अनुभवी व्यक्ति सम्पर्क करें
प्रधान संपादक अंतरिक्ष पवार
सम्पर्क 8770227143 8109227153

भोपाल से प्रकाशित और छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश व राजस्थान से प्रसारित

RNI No. MPHIN/2016/67534

# दैनिक रुद्रांश दर्पण

संपादक : अंतरिक्ष पवार

वर्ष-9, अंक-175 | भोपाल, बुधवार 18 सितम्बर 2024 | पृष्ठ-08 मूल्य-2 रु.

**सुविचार**

**सम्बोधन अच्छे होंगे तभी सम्बंध अच्छे बनेंगे**

### विजय यादव को मिली सीआईसी की जिम्मेदारी...

# राज्यपाल ने मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्तों को शपथ दिलाई

मध्यप्रदेश मे राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों को आज शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन राजभवन के सांदीपनि सभागार में किया गया। राज्यपाल श्री पटेल ने श्री विजय यादव को मुख्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ ग्रहण कराई। उन्होंने डॉ. वंदना गांधी, डॉ. उमाशंकर पचौरी और श्री ओंकार नाथ को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ ग्रहण कराई। राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री ने मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्तों को पुष्प-गुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। शपथ ग्रहण समारोह में उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, श्री राजेन्द्र शुक्ल, मंत्री जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन तथा भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह, खेल एवं युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री श्री विश्वास सारंग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण, विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री श्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, खजुराहो सांसद श्री वी.डी. शर्मा, मुख्य सचिव श्रीमती वीरा राणा, पुलिस महानिदेशक श्री सुधीर कुमार सक्सेना, अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव श्री एस.एन. मिश्रा, राज्यपाल के प्रमुख सचिव श्री मुकेश चंद गुप्ता, सचिव सामान्य प्रशासन श्री अनिल कुमार सुचारी एवं गणमान्य आमंत्रित अतिथि उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव श्री संजय दुबे ने शपथ विधि का संचालन किया।



#### प्रदेश में 10 सूचना आयुक्त के पद स्वीकृत

बता दें प्रदेश में 10 सूचना आयुक्त के पद स्वीकृत है। इसमें से अभी सात पद खाली है। हालांकि यह पद कभी पूरे नहीं भरे गए। प्रदेश में मार्च 2024 से सूचना आयुक्त के पद खाली था। जिसके चलते सूचना के अधिकार के तहत जानकारी न देने के बाद याचिका लंबित है। मंगलवार को तीन सूचना आयुक्तों ने शपथ ली है।


#### तीन सूचना आयुक्त का चयन

मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के खाली पदों को भरने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर हुई थी। इसके बाद 10 सितंबर को सीएम की अध्यक्षता में गठित समिति ने मुख्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के लिए आए आवेदनों पर चर्चा की और मुख्य सूचना आयुक्त और तीन सूचना आयुक्त का चयन किया।

# अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से दिया इस्तीफा

### आतिशी ने पेश किया नई सरकार बनाने का दावा

आतिशी को दिल्ली का सीएम बनाने के ऐलान के बाद अरविंद केजरीवाल ने इस्तीफा दे दिया है। अरविंद केजरीवाल ने अपना इस्तीफा दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना को सौंपा है। वहीं आतिशी ने नई सरकार बनाने का दावा पेश किया है। आगे दिल्ली सरकार की ओर से 26 और 27 सितंबर को विधानसभा सत्र बुलाया गया है। मंगलवार को हुई आम आदमी पार्टी की विधायक दल की बैठक में दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी को दिल्ली का नया सीएम घोषित कर दिया है। जिसके बाद अरविंद केजरीवाल, आतिशी और अपनी पूरी कैबिनेट के साथ एलजी के दफ्तर पहुंचे और करीब 4 बजकर 50 मिनट पर अपना इस्तीफा सौंप दिया।



**आतिशी बोलीं- दिल्ली का एक ही मुख्यमंत्री, वो है अरविंद केजरीवाल** दिल्ली की नई सीएम चुने जाने के बाद आतिशी ने एक प्रेस कांफ्रेंस की। इस दौरान आतिशी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने उन पर भरोसा किया है। पहले विधायक, फिर मंत्री और आज मुख्यमंत्री बनाया। उन्होंने कहा कि वह खुश भी हैं और दुखी भी। दुखी इसलिए हैं, क्योंकि उनके बड़े भाई अरविंद केजरीवाल आज इस्तीफा दे रहे हैं।

आतिशी ने आगे कहा कि एक ऐसा आदमी जो अपनी आईआरएस की नौकरी छोड़कर सेवा के लिए राजनीति में आया। ऐसे ईमानदार आदमी पर भाजपा ने झूठे केस किए। आतिशी ने ये भी कहा कि दिल्ली का एक ही मुख्यमंत्री है और वो नाम है... अरविंद केजरीवाल।

**दो दिन पहले केजरीवाल ने किया था इस्तीफा देने का ऐलान** बता दें कि आप के दिग्गज नेता अरविंद केजरीवाल ने 15 सितंबर को ऐलान किया था कि वह दिल्ली के सीएम पद से अगले दो दिन में इस्तीफा दे देंगे। जिसके चलते उन्होंने आज मंगलवार को उपराज्यपाल को इस्तीफा सौंप दिया। हाल ही में अरविंद केजरीवाल को दिल्ली शराब नीति मामले से जुड़े सीबीआई केस में सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिली थी। जिसके बाद से वह बीजेपी के निशाने पर थे।

### चीता प्रोजेक्ट के दो साल

## 20 से बढ़कर 24 हुई संख्या, कूनो नेशनल पार्क का बढ़ेगा दायरा, आएंगे दक्षिण अफ्रीकी चीते

धरती पर 70 साल के इंतजार के बाद आज के ही दिन चीतों ने कदम रखा था। चीता प्रोजेक्ट के दो साल पूरे हो गए हैं। क्र्रुनरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को रिलीज किया था। 2 साल में तमाम चुनौतियां और उतार-चढ़ाव देखने को मिले। चीतों की संख्या 20 से बढ़कर 24 हो गई है। पर्यटकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। आइए हम जानते हैं कि दो साल में कूनो नेशनल पार्क में कब, क्या हुआ।

**अक्टूबर से हो सकता है चीतों का दीदार** दो साल में कूनो में पर्यटकों की संख्या तो बढ़ी है, लेकिन पर्यटकों को चीते देखने को नहीं मिले। इसका कारण यह है कि सभी चीते अभी बाड़ों में ही हैं। जिन्हें बाहर छोड़ने के लिए कूनो प्रबंधन को काफी मंथन करना पड़ रहा है, क्योंकि पिछले साल जुलाई-अगस्त में खुले जंगल में कुछ चीतों की मौत हो गई थी। कहा जा रहा है कि अगले माह अक्टूबर से शुरू होने वाले नए पर्यटन सीजन में पर्यटकों को चीते दिखने को मिल सकते हैं। इसके लिए विशेषज्ञों ने निर्णय का इंतजार है। चीतों को अब सरहद पार करने की जरूरत नहीं

सबसे खास यह है कि चीतों के घर कूनों नेशनल पार्क का आकार अब और बढ़ गया है। चीतों को बार-बार अब सरहद पार करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। कूनो नेशनल पार्क में अब 54 हजार 249 हेक्टेयर वन क्षेत्र और जुड़ने जा रहा है। इसके बाद अब कूनो नेशनल पार्क का क्षेत्रफल बढ़कर 1 लाख 77 हजार हेक्टेयर हो जाएगा। चीतों को इससे काफी लाभ होगा।

**लगातार बढ़ रही सैलानियों की संख्या** कूनो में चीतों के साथ-साथ सैलानियों की संख्या में बढ़ी है।

# खिलचीपुर में 25 फीट नीचे गिरी श्रद्धालुओं की कार

## दंपती समेत 4 की मौत

**राहगीरों ने दुर्घटनाग्रस्त लोगों को खिलचीपुर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां महेश पाठक को मृत घोषित कर दिया गया। बाकी लोगों का इलाज चल रहा है। घायलों में घनश्याम बैरागी (40), संजय कुम्भकार (28), राहुल गोस्वामी (25) और रवि गोस्वामी (25) शामिल हैं।**

मध्य प्रदेश के राजगढ़, विदिशा और सीहोर जिले में हुए अलग अलग हादसों में पति-पत्नी समेत 4 लोगों की मौत हो गई। राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में मंगलवार सुबह 4 बजे टक्कर के बाद एक कार पुल से 27 फीट नीचे नदी में गिर गई। हादसे में कार सवार एक श्रद्धालु की मौत हो गई। जबकि, 4 लोग घायल हैं। इसी तरह सीहोर के मुंगावली गांव में रेलिंग तोड़कर कार नाले में गिर गई। इसमें भी एक मौत हुई है। विदिशा में ओवरब्रिज में गिरने पर दंपती की मौत हो गई। उत्तर प्रदेश में आगरा के नलखेड़ा से कुछ लोग मनोना धाम दर्शन के लिए गए थे। वहां से दर्शन पूजा के बाद वह नलखेड़ा लौट रहे थे, तभी उनकी कार पुल से गिर गई। हादसे में कार सवार लोगों ने किसी तरह कार के शीशे तोड़े और 4 लोग बाहर निकले। उन्होंने अवाज लगाकर आसपास के लोगों से मदद मांगी। करीब आधे घंटे बाद वहां से गुजरे राहगीरों ने महेश पाठक को भी बाहर निकाला, लेकिन बचा नहीं पाए।



#### सीहोर के मुंगवाली में दूसरे दिन मिला शव

सीहोर जिले के मुंगवाली गांव में सोमवार शाम 7-45 बजे तेज रफ्तार कार पुल की रेलिंग तोड़ते हुए नाले में गिर गई थी। उसमें सवार मनोज उर्फ मुन्नू की पानी में डूबने से मौत हो गई। एसडीआरएफ टीम ने मंगलवार सुबह उसका शव नाले से बरामद किया है।

#### ओवरब्रिज गिरी बाइक, दंपती की मौत

विदिशा में सोमवार रात खरी फटक ओवरब्रिज की बाउंड्री वॉल से टकराकर बाइक सवार नीचे गिर गए। हादसे में दोनों की मौत हो गई है। जिला चिकित्सालय में डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। मृतकों की शिनाख्त मोहन गिरी निवासी विशाल अहिरवार और उसकी पत्नी नेहा के रूप में की गई है।

# खरगोन में प्रेमी की पीट-पीटकर हत्या

### प्रेमिका और उसके माता-पिता गिरफ्तार



मध्यप्रदेश के खरगोन जिले में मंगलवार को प्रेम-प्रसंग के एक मामले युवक की पीट-पीट कर कुछ लोगों ने हत्या कर दी। आरोप है कि लड़की ने फोन कर उसे मिलने के लिए बुलाया था। जिसके बाद रात में ही वह 150 किमी बाइक चलाकर इंदौर से लड़की के गांव पहुंचा। जहां बांधक बनाकर उसकी हत्या कर दी गई। खरगोन के कोड़ियाखाल के लुहार फाल्या गांव हुई इस हत्या के बाद पुलिस ने प्रेमिका और उसके माता-पिता को गिरफ्तार किया है। साथ ही मृतक का पोस्टमॉर्टम खंडवा मेडिकल कॉलेज कराया। लाई खेड़ी झिरन्या निवासी बंटी बामने (26) इंदौर स्थित एक बैंक रिकवरी का काम करता था। कॉलेज में साथ पढ़ी एक लड़की से वह प्यार करने लगा था। लड़की भी उसे पसंद करती थी। बंटी के परिजन का आरोप है कि लड़की ने रात में मिलने के लिए उसे बुलाया था।

#### कंधे और पीठ पर चोट के निशान

पुलिस को शुरुआती जांच में पता चला है कि बंटी रविवार रात 11 बजे इंदौर से लुहार फाल्या बाइक से आया था। यहां लड़की से मिलने उसके घर पहुंचा, लेकिन परिजन जाग गए। परिजनों से झूमाझटकी में बंटी मुंह के बल नीचे गिर गया। उसके कंधे और पीठ पर चोट के निशान थे। पैर में भी सूजन था।

#### चचेरे भाई ने बताया बंटी को किसने मारा

चचेरे भाई सुखलाल बामने ने कहा, सोहन, रूमाल सिंह, दला और दिलीप ने बंटी को मारा है। रुमाल सिंह ने सुबह मुझे कॉल कर कहा, 11 बजे बंटी हमारे घर आया था। इसे ले जाओ नहीं तो पुलिस को सौंप देंगे। मैं तीन-चार लोगों को लेकर जा ही रहा था कि रुमाल सिंह का फिर से कॉल आया और बोला- बंटी लड़का तो शांत हो गया।

### भारत ने रिकॉर्ड 5वीं बार जीता एशियन चैंपियंस हॉकी का खिताब...

# फाइनल में चीन को 1-0 से रौंदा

3भारत ने पांचवीं बार एशियन चैंपियंस हॉकी ट्रॉफी जीत ली। भारत ने फाइनल में चीन को 1-0 से हराकर खिताब जीता। मैच का इकलौता गोल चौथे क्वार्टर में जुगराज ने किया। चीन ने आखिरी मिनट में पेनल्टी कॉर्नर के लिए रेफरल लिया था। लेकिन, उसका रेफरल खारिज हो गया और इस तरह भारत ने चीन को उसी के घर में हराकर एशियन चैंपियंस ट्रॉफी हॉकी टूर्नामेंट जीत लिया। भारत और चीन के बीच फाइनल के शुरुआती तीन क्वार्टर तक मुकाबला गोलरहित बराबरी पर चल रहा था। लेकिन चौथे क्वार्टर में जुगराज ने फील्ड गोल दागकर भारत को बढ़त दिला दी। इसके बाद भले ही हरमनप्रीत सिंह की अगुआई वाली टीम दूसरा गोल नहीं दाग सकी। लेकिन, उसने चीन को गोल नहीं करने दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह भले ही इस मैच में गोल नहीं कर सके। लेकिन उन्होंने जुगराज को निर्णायक गोल दागने में मदद की। चीन के डिफेंस ने भी इस मैच में अच्छा प्रदर्शन किया और लंबे समय तक भारत को बढ़त लेने का कोई मौका नहीं दिया। चीन ने चार पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किए, लेकिन भारतीय टीम ने उसे गोल में तब्दील होने का कोई मौका नहीं दिया।



#### पहले क्वॉर्टर में कोई गोल नहीं

पहले क्वॉर्टर में दोनों टीमें कोई गोल नहीं कर पाई हैं। इसमें भारतीय टीम ने दो मौके गंवा दिए। टीम को दो पेनल्टी कॉर्नर मिले थे। 10 मिनट के अंदर कप्तान हरमनप्रीत सिंह लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील नहीं कर पाएं। वहीं, चीन भी पेनल्टी कॉर्नर को गोल में नहीं बदल पाया। भारत इस ट्रॉफी का 4 बार का चैंपियन है। भारत ने अपने पिछले मुकाबले में सोमवार को साउथ कोरिया को 4-1 से हराया। भारत की तरफ से हरमनप्रीत सिंह सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं। वह अब तक 7 गोल दाग चुके हैं। उनकी कप्तानी में टीम टूर्नामेंट के सभी मैच जीत चुकी है। वहीं, चीन को 5 में से 2 मैचों में ही जीत मिली है।

# भोपाल में रानी कमलापति की प्रतिमा के सामने युवक ने कर दिया कांड

### वीडियो वायरल हुआ तो गिरफ्तार

एमपी की राजधानी भोपाल में बड़ा कांड हो गया। रानी कमलापति की प्रतिमा के सामने सोमवार को एक युवक ने अश्लील तरीके से डांस कर दिया। अश्लील डांस करने का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने आरोपी के खिलाफ सख्त राष्ट्रीय सुरक्षा कानून लगाने की मांग की। सांसद ने पुलिस कमिश्नर को मांग का ज्ञापन भी सौंप दिया है। जानकारी के मुताबिक, 3 दिन पहले रानीकमला पति की प्रतिमा के सामने अश्लील डांस करते हुए युवक ने वीडियो बनाया था। सोमवार को रील बनाने वाले युवक का वीडियो वायरल हुआ। वीडियो में दिख रहा है कि युवक मूर्ति के सामने इशारे करते हुए डांस कर रहा है। जांच-पड़ताल के बाद पता चला कि वीडियो में दिख रहा व्यक्ति मध्य प्रदेश पुलिस की 23वीं बटालियन में तैनात सिपाही जितेंद्र है।



**पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार** मामला सामने आने के बाद भाजपा सांसद आलोक शर्मा ने आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा से मुलाकात की और युवक के खिलाफ एनएसए के तहत कार्रवाई की मांग की है।

# नाबालिक लड़की को बहला फुसलाकर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा**
**भूपेन्द्र यादव**

जांजगीर चांपा /नाबालिक बालिका को बहला फुसलाकर अपहरण कर दैहिक शोषण करने वाला आरोपी को चांपा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया इस संबंध में पुलिस मीडिया ग्रुप से मिली जानकारी अनुसार मामला इस प्रकार हैं की पीड़िता दिनांक 10.09.2024 के घर से बिना बताये सुबह साढ़े आठ बजे बजे घर से निकली थी जो शाम तक घर वापस नही आने से आस पास पता तलास किये पता नही चलने पर थाना में उपस्थित हो कर रिपोर्ट दर्ज कराया की थाना चांपा में अपराध क्रमांक 390/ 24 धारा 137(2) बीएनएस कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया था विवेक शुक्ला (आईपीएस) पुलिस अधीक्षक जांजगीर चांपा के निर्देशन में थाना चांपा पुलिस द्वारा नाबालिक बालिका की लगातार पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान विवेचना में अपहृता बालिका को आरोपी रोहन राजपूत निवासी मोदी चौक चम्पा के पास से बरामद किया जाकर महिला पुलिस अधिकारी से कथन कराया गया, तथा प्रकरण में धारा 96,64(2)(ड) क्व्हस 04,06 पाक्सो एक्ट जोडी गई है प्रकरण के आरोपी रोहन सिंह ठाकुर निवासी मोदी चौक चांपा थाना चांपा जिला जांजगीर चांपा को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पुछताछ किया गया जिसके द्वारा घटना घटित एवं जुर्म करना स्वीकार किए जाने से विधिवत् गिरफ्तार कर दिनांक 17.09.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक. डा. नरेश कुमार पटेल थाना प्रभारी चांपा, उप निरीक्षक बी एस लकड़ा महिला प्रधान आरक्षक श्यामा जयसवाल,आरक्षक डिकेस्वर साहू पदमराज सिंह, छोटे लाल अज्जगले, सचिन एक्का, का सराहनीय योगदान रहा।

# तीन प्रकरण में अवैध महुआ शराब रखकर बिक्री करते तीन आरोपी गिरफ्तार

**रुद्रांश दर्पण सक्ति**
**भूपेन्द्र यादव**

सक्ति/ अवैध कच्ची महुआ शराब बिक्री करते तीन आरोपी को मालखरौदा पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेजा गया इस संबंध में पुलिस मीडिया ग्रुप से मिली जानकारी अनुसार मामला इस प्रकार हैं की मालखरौदा थाना क्षेत्र में अवैध शराब तथा नशीले पदार्थों की बिकी के रोकथाम एवं उसमें संलिप्त व्यक्तियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक महोदया सक्ती अंकिता शर्मा (आईपीएस), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदया सक्ती रमा पटेल एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सक्ती श्री मनीष कुवर के द्वारा लगातार कार्यवाही हेतु दी जा



रही दिशा निर्देशों के परिपालन में दिनाँक 16.09.2024 को तथा दिनाँक 17.09.2024 को तीन अलग अलग जगहों पर जरिये मुखबीर से की सूचना पर अलग-अलग टीम गठित कर तथा हमराह स्टाफ एवं गवाहों के शराब रेड कार्यवही करने पर आरोपी 01. महेन्द्र कुमार खुंटे पिता परस राम खुटे उम्र 24 वर्ष साकिन कुरदा थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) कि घर के पीछे परछी से अलग-अलग बाटल व जरिकेन में भरा कुल 08 लीटर। 02 शकर लाल निराला पिता हीरा राम निराला उम्र 48 वर्ष साकिन नवापारा थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) के घर के आँगन से 06 लीटर तथा 03. गीता बाई जाटवर पति स्व0 बसत कुमार जाटवर उम्र 49 वर्ष साकिन अण्डा थाना मालखरौदा जिला सक्ती (छ.ग.) के घर के सामने 06 लीटर हाथ भ?ट्ठी से बना कच्ची महुआ शराब कुल 20 लीटर कीमती 2000-/ रूपये को आरोपीयों के कब्जे से अवैध रूप से बिकि हेतु रखने पाये जाने से तीनों आरोपीयों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपीयों को गिरफ्तार कर दिनोंक 17.09 2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी मालखरौदा निरीक्षक श्री राजेश पटेल, उप निरीक्षक0 सी0पी0 कवर, सहायक उपनिरीक्षक राधेश्याम राठौर, प्रधान0 आरक्षक0 योगेश्वर बजारे, अश्वनी जायसवाल, आरक्षक प्रमोद सोनंत नान्ही यादव, महेन्द्र कवर, सहदेव यादव, सेत राम पटेल, हरीश चन्द्रा, शत्रुहन साहू, महिला आरक्षक गीतोंजली चन्द्रा व पुष्पा सिदार का सराहनीय योगदान रहा।

मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राज्यभर में नवनियुक्त कार्मिको से किया वर्चुअल संवाद





**रुद्रांश दर्पण गंगापुर सिटी**
**पुरुषोत्तम प्रजापत**

## अतिथियों ने पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को सौंपे प्रमाण पत्र

मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को जयपुर के बिरला ऑडिटोरियम में द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मा. मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाडे, माँ वाउचर और नमस्ते योजना का शुभारम्भ, नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपने और विभिन्न विकास कार्यों का वीडिओ कांफ्रेंसिंग के माध्यम से लोकार्पण-शिलान्यास करने के साथ-साथ पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और आवास स्वीकृति पत्र सौंपे गए। इसी क्रम में जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में विजय पैलेस मैरिज गार्डन में आयोजित किया गया। ज़िले की पंचायत समिति के सभागार में जिला स्तरीय कार्यक्रम में पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किये गए। मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने राज्यभर के नवनियुक्त कार्मिको से वर्चुअल संवाद कर उन्हें बधाई दी व उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बत्तीलाल मीना ने बताया कि इस क्रम में जिले में 31 नवनियुक्त कार्मिको को नियुक्ति पत्र प्रदान किये जायेंगे। अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि जिला स्तरीय आयोजन में ज़िला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी, पंचायत समिति की प्रधान श्रीमती मंजू गुर्जर,अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह द्वारा पीएम आवास योजना के 20 लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और अन्य 20 लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र सौंपे गए। आवास पूर्णता प्रमाण पत्र के साथ-साथ लाभार्थियों आवास योजना की चाबी, श्रीफल, शाल एवं मिठाई भी भेंट की गई। साथ ही इन लाभार्थियों का गुलदस्ता भेंट कर एवं माला पहनाकर स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम में जेवीवीएनएल के अधीक्षण अभियन्ता बाबूलाल मीना, पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियन्ता जयलाल मीना, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी के अधीक्षण अभियन्ता रामकेश मीना, जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीना, जिला रसद अधिकारी अंकित पचार, नगर परिषद् आयुक्त दीपक चौहान सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, सफाई-मित्र, नवनियुक्त कार्मिक सहित आमजन उपस्थित रहे।

## चल समारोह के साथ गणेश प्रतिमाओं का हुआ विसर्जन

### जयकारों के साथ उड़ाया रंग गुलाल

**पिपलौदा** । नगर व क्षेत्र में धूमधाम व जयकारों के साथ भगवान श्री गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। गणेश विसर्जन को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह नगर आया। विसर्जन जुलूस में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे लगाए। साथ ही जमकर गुलाल उड़ाए। गणेश जी की प्रतिमा को आकर्षक रुप से सजे पंडाल में से सजाकर विसर्जन के लिए ले जाया गया। पुजारी द्वारा विधि विधान से गणपति की पूजा-अर्चना की। उसके बाद आरती कर उन्हें भोग लगाया। भक्ति गीतों पर भक्त झूमते, नाचते गाते हुए व गुलाल उड़ाते चल रहे थे। विसर्जन जुलूस में श्रद्धालुओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया

**शुजापुर तालाब में किया विसर्जन** गढ़ दरवाजा गणेश उत्सव समिति ने शुजापुर स्थित तालाब में प्रशासनिक गाइडलाइन अनुसार गणेश प्रतिमा का आरती व जयकारों के साथ विसर्जन किया। मौके पर समिति के सुरेंद्र सिंह सोनू, श्याम शर्मा, हरीश प्रताप सिंह, अरविंद शर्मा, भवानी सिंह, गोल्डी सिंह, अंशराज सिंह, गर्वित सिंह, धीरज शर्मा, प्रियांश वोरा, प्रशांत शर्मा, लक्की सिंह, लोचन वोरा, हनी शर्मा कमल मालवीय आदि उपस्थित थे।



**रुद्रांश दर्पण खंडवा** आज टीवी मुक्त ग्राम पंचायत फिफराड के सरपंच श्रीमती सुशीला बाई मायाराम राठौड जी को भारत सरकार के माननीय प्रभारी मंत्री श्री लोधी जी , जिला अध्यक्ष सेवादश पटेल जी कलेक्टर साहब एवं खण्डवा विधायक कंचन तनवे द्वारा प्रमाण पत्र एवं महात्मा गांधी जी की प्रतिमा भेट कर सम्मानित किया गया ।

# महामहिम उपराष्ट्रपति ने स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान का सम्पूर्ण प्रदेश में किया आगाज





**रुद्रांश दर्पण गंगापुर सिटी**
**पुरूषोत्तम प्रजापत**

भारत के महामहिम उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने मंगलवार को झुंझुनू स्थित परमवीर पीरू सिंह राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल से सम्पूर्ण प्रदेश में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से "स्वच्छता ही सेवा -2024' अभियान का शुभारम्भ किया। वहीं जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कलक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में विजय पैलेस मैरिज गार्डन में आयोजित की गई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने अपने उद्बोधन में कहा कि 15 अगस्त 2014 को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्घोष एक दशक में दुनिया का सबसे बड़ा क्रांतिकारी कदम साबित हुआ है और देश में निरंतरता से बदलाव का प्रतीक है। इस दशक के दौरान इस अभियान की वजह से प्रधानमंत्री मोदी की शुरुआत के वजह से लोगों की मानसिकता में क्रांतिकारी और व्यापक परिवर्तन आया है। स्वच्छता के प्रति उनकी दृष्टि बदली है। स्वच्छता के विषय में जनभागीदारी पर ज़ोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश में शौचालयों का न होना एक अभिशाप था जिसे इस अभियान द्वारा खत्म किया गया। उन्होंने कहा कि महिलाओं की गरिमा से समझौता किया जा रहा था और कितने बड़े पैमाने पर ये मिशन पूरा किया गया जो अब विकास का विविध रूप प्रस्तुत कर रहा है। कार्यक्रम में इस अभियान के बहुआयामी बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए धनखड़ ने स्वच्छता को स्वभाव, संस्कार और संस्कृति से जोड़ने का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, महिला सशक्तिकरण और आजीविका सृजन का एक शक्तिशाली साधन भी बन गया है। गंदगी की मार सबसे ज्यादा अपनी माताओं बहनों पर पड़ती थी। वह तो शुरू से ही स्वच्छता के पक्ष में थी, अब बहुत अच्छा है कि पूरा समाज स्वच्छता के प्रति नतमस्तक हो रहा है। इससे एक नया ग्रुप डेवलप हुआ है। उन्होंने कहा कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत है।'मेरा युवा भारत' कार्यक्रम की सराहना करते हुए उपराष्ट्रपति ने सभी कुलपतियों, प्राचार्यों तथा सभी कालेजों के प्रधानाध्यापकों से युवाओं को इस कार्यक्रम से जोड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि डेढ़ करोड़ युवा विकसित भारत के दृष्टिकोण में शामिल होने के लिए आगे बढ़े हैं। इससे उनकी मानसिकता बदलेगी, राष्ट्रवाद के प्रति उनकी प्रतिबद्धता बेहतर होगी और हमारे लोकतंत्र को धार मिलेगी। यह खिलेगा और समृद्ध होगा। कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में स्वच्छ भारत अभियान की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक समय 130 करोड़ के देश में हर घर टॉयलेट का लक्ष्य अकल्पनीय था किन्तु प्रधानमंत्री की पहल से आज आया। यह बदलाव भारत की प्रगति में मील का पत्थर साबित हुआ है। भारत में कचरा प्रबंधन के संबंध में हुए आमूल-चूल परिवर्तन को रेखांकित करते हुए धनखड़ ने कहा कि भारत दुनिया में एक मिसाल बन गया है। आज कचरे से ईंधन, ऊर्जा और प्रदर्शनी में मैंने देखा है कचरा से कंपोस्ट बन रहा है। यह ऊर्जा और उर्वरक में परिवर्तित हो रहा है। स्वच्छता में सफाईकर्मियों की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा हमें उनका बहुत सम्मान करना चाहिए। सही मायनों में वे एक बहुत ही गंभीर कार्य में लगे हुए हैं जो न केवल समाज के लिए बल्कि पूरे ग्रह के लिए अच्छा काम कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि स्वच्छता एक सेवा है। यह मानवता के प्रति एक उत्कृष्ट प्रतिबद्धता है। यह एक ऐसी सेवा है जिसका लाभ सभी को मिलता है। हमें इसको खुले मन से अपनाना चाहिए। जब पूरा समाज इस दिशा में एकजुट होकर यह काम करेगा तो मैं पूर्ण रूप से आशावान हूं कि हम एक स्वच्छ और सशक्त भारत का निर्माण कर पाएंगे और हमारी यात्रा सफल होगी। उपराष्ट्रपति ने स्वच्छ भारत अभियान पर अपने विचार रखते हुए कहा कि एक दशक के बाद आज नई शुरुआत हो रही है यह अभियान सफाई तक सीमित नहीं रहना चाहिए। यह हमारे विचारों में बदलाव लाएगा, आदतों में बदलाव लाएगा, जीवन शैली को सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगा और आर्थिक उन्नति के अंदर बहुत जबरदस्त योगदान करेगा। भारत में स्वच्छ भारत अभियान से सृजित रोज़गार पर ज़ोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश में इस समय हमारे पास 10 हजार स्वयं सहायता समूह हैं जो इस मिशन से अपनी आजीविका कमा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से देश में नारी शक्ति को आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की एक नई गति मिली है। कार्यक्रम के इस उपलक्ष्य पर केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल, राजस्थान सरकार में सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, भारत सरकार में आवास और शहरी कार्य मामलों के सचिव श्रीनिवास कटिकिठाला, उपराष्ट्रपति की धर्मपत्नी श्रीमति सुदेश धनखड़, स्वायत शासन विभाग राजस्थान के प्रमुख शासन सचिव राजेश कुमार यादव, उपराष्ट्रपति सचिवालय के सचिव सुनील कुमार गुप्ता, आवास व शहरी मामलों की संयुक्त सचिव रूपा मिश्रा, जिला प्रमुख हर्षिनी कुलहरी, नगर परिषद सभापति नगमा बानो आदि राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मंचस्थ रहे। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ दिलवाई गई। साथ ही नगर परिषद् के कार्मिकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के स्वच्छता ही सेवा आधारित जीवन के सम्बन्ध में प्रदर्शनी भी लगायी गई। जिसका सभी गणमान्य अतिथियों द्वारा अवलोकन किया गया । कार्यक्रम के पश्चात् जिला कलक्टर सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा कुशाललेक उद्यान में पौधारोपण किया गया कार्यक्रम में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीना, जिला परिषद् के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, नगर परिषद् सभापति शिवरतन अग्रवाल, पंचायत समिति की प्रधान मंजू गुर्जर, नगर परिषद् आयुक्त दीपक चौहान, समस्त जिला स्तरीय अधिकारी, जनप्रतिनिधि सफाई मित्र सहित आमजन उपस्थित रहे।

# ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत से जहाँ हजारों यात्री परेशान है वही रोड के किनारे बसे नागरिक भी

**बलवाडा-** इन्दौर इच्छा पुर रोड का निर्माण कार्य चल रहा है शासन निर्माण कम्पनी को टेन्डर के साथ सर्विस रोड की जवाबदेही देतीं हैं जिससे आम यात्रियों को असुविधा न हो ओर वह सुरक्षित यात्रा कर सके। पर ठेकेदार व अधिकारियों की मिली भगत से जहाँ हजारों यात्री परेशान है वही रोड के किनारे बसे नागरिक धुल के गुब्बारो से हो रही बिमारियों से परेशान है। बताया जाता है कि खासी स्वास रोग एलर्जी रोग के मरिजो की सख्या में बढोतरी हुई हैं। बलवाडा के नवरतन पे टोल पंम्प बागोद चोराहा शासकीय अस्पताल के सामने रोड गड्डो मे तबदील हो गया है। राहगीरों को वाहनो से उड रही गिट्टी चोटिल कर रही है। धुल के गुब्बारो से निवासी नागरिक अनेकों बिमारियों से परेशान है। सरपंच संजय अरधडे ने बताया कि ग्रामीणो ने शान्ति समिति की बैठक मे यह बात रख ठेकेदार के खिलाफ एफ आई आर करने की विनती की थी किन्तु टी आई साहेब ने ठेकेदार से फोन पर चर्चा कर रिपेयर का अश्वासन दिया था किन्तु स्थीती यथा वत है। इस सम्बन्ध में एम पी आर डी सी के इन्जीनियर से प्रसान्त शिव हरे से चर्चा करना चाही पर बात नहीं हो पाई डा अनील कुमावत ने बताया की डस्ट हवा मे घुल कर फेफडो तक पहुँच कर नुकसान पहुचाती हे इससे कई रोग जन्म लेते हैं। वर्तमान में शर्दी खासी स्वास सम्बंधित मरीज अस्पताल मे बडे हे।



## जुलूस निकालते वक्त डीजे में विद्युत केबल फंसने से पोल गिरने से महिला की मृत्यु



**राजस्थान। चित्तौड़गढ़** / भदेसर उपखंड क्षेत्र के गरदाना में चौदस ऊजम को लेकर जुलूस निकल रहा था महिलाएं कलश धारण लिए चल रही थी तभी गाडरी मोहल्ले में डीजे की गाड़ी में विद्युत केबल फस गई जिसके कारण विद्युत पोल गिर गया विद्युत पोल गिरने से श्याम दास की पुत्री कृष्णा उम्र 22 वर्ष गंभीर घायल हो गई वहीं बद्री लाल गाडरी की पत्नी उदी बाई उम्र 40 वर्ष की घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई।

# संसार रुपी नदी प्रसन्न होकर पार करें - आचार्या विमलेश बंसल दर्शनाचार्या

राजस्थान। गाजियाबाद / केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में मनवा रे ले चल उस पार विषय पर ऑनलाइन गोष्ठी का आयोजन किया गया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर शुभकामनाएं प्रदान की गयी।यह कोरोना काल से 671 वाँ वेबिनार था। वैदिक प्रवक्ता आचार्य विमलेश बंसल ने परमात्मा को कोटिश॰ नमन करते हुए जिसकी कृपा से हम सभी मानवों को संसार की नदी को पार करने के लिए मन के रूप में एक बढ़िया साधन मिला है। किन्तु मनुष्य इतना अच्छा साधन पाकर भी उसका प्रयोग ठीक से नहीं कर पा रहा है।जैसे एक दिशा विहीन चप्पू, नाव को आती हुई भंवर की लहर में बचाने की जगह फंसा देता है, ठीक उसी प्रकार यह दिशा विहीन मनुष्य मन भी मनुष्य को इस संसार में फंसा देता है।

आवश्यकता है कर्मों की स्वतंत्रता से विद्यावान हो वह इस मन रुपी चप्पू को उस दिशा में चलावे जिससे नाव आगे मंजिल की ओर बढ़ती रहे। इसके लिए संतुलन, संतोष, धैर्य, क्षमा, दया, दान दयालुता आदि




सद्गुण रूपी तीर्थों का समावेश करना होगा। तथा सहयोगी उपयोगी हो सबके सुख दुख में साथ देना होगा, नियमित दिनचर्या प्रातः से शयन पर्यन्त सम्यक रूपेण निर्वहन करनी होगी तथा भगवद अर्थ कर्म करते हुए नदी में प्रसन्न होकर रहना होगा और अपने मूल धर्म वेद विद्या के प्रचार प्रसार द्वारा सभी को सुखी देखना और करना होगा,और महत्त्वपूर्ण अंतिम और प्रथम बात यह ईश्वर को नाव,नदी और चप्पू का मालिक जान उसका हाथ पकड़ना ही होगा। मुख्य अतिथि अनिता रेलन व अध्यक्ष आरती खुराना ने भी जीवन नैया को पार करने के लिये विचार रखे।परिषद अध्यक्ष अनिल आर्य ने कुशल संचालन करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्म दिन पर बधाई देते हुए उत्तम स्वास्थ्य की प्रार्थना की व प्रवीण आर्य ने धन्यवाद ज्ञापन किया। गायिका पिंकी आर्य, कमला हंस, कौशल्या अरोड़ा, जनक अरोड़ा, रविन्द्र गुप्ता, सुमित्रा गुप्ता, कुसुम भंडारी, रजनी गर्ग, सुधीर बंसल, उषा सूद आदि के मधुर भजन हुए।

## मण्डावर में प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया

**राजस्थान।** राजसमंद जिले के भीम उपखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मण्डावर में सरपंच प्यारी कुमारी चौहान के सानिध्य में विगत वर्ष में बने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया गया। इसके अंतर्गत विगत वर्ष में आयोजित 54 मकानों के गृह प्रवेश कार्यक्रम मनाया गया। सरपंच प्यारी कुमारी ने बताया कि मण्डावर में पिछले 10 वर्षों में 200 से अधिक प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थियों का नया रिकॉर्ड अपने नाम कायम किया है। प्यारी कुमारी चौहान ने बताया कि आने वाले वक्त में मण्डावर ग्राम पंचायत के सभी वंचित व शेष रहे परिवार के सभी घर में पक्के आवास बनाए जाएंगे । इस हेतु विस्तृतकारी योजना बनाई गई है। इस अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत गाते हुए ढोल धमाकों सहित हर्षोल्लास



के बीच रंगोली सजाकर, कुमकुम लगाकर, रोली बांधकर, उपरणा ओढ़ाकर, श्रीफल भेंट कर, चाबी देकर गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित हुआ। चाबी देने व गृह प्रवेश कराने पर लाभार्थियों के चेहरे खिल उठे । सबका मुंह मीठा कराया गया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में कनिष्ठ लिपिक शांता कर्णावट, प्रेम सिंह सोमेश्वर, ज्योति रावत, गणेश सिंह, प्रभु सिंह , गिरधारी सिंह, पन्ना सिंह, कंचन देवी, रेखा देवी, भूरी देवी, कंवरी देवी, रामु देवी, सविता देवी, सायरी देवी, रूपाराम, गीता देवी, चुन्नी देवी, जितेंद्र सिंह, देवी कुमारी, किरण रेगर, मोहनलाल, महेंद्र सिंह, डाली देवी, अनछी देवी, सगनी देवी, भंवरी देवी, नेनु देवी, केशी देवी आदि मौजूद थे।

## व्यापार मंडल अनूपगढ़ में होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

अनूपगढ़ / अनूपगढ़। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व की प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी निर्णय के अनुसार प्रदेश में नवनियुक्त कार्मिकों के लिए मंगलवार, 17 सितंबर को द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव आयोजित किया जाएगा। जिला कलेक्टर अवधेश मीना ने बताया कि रोजगार उत्सव अंतर्गत जिला मुख्यालय स्थित व्यापार मंडल भवन में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न विभागों में नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र व वेलकम किट प्रदान किया जाएगा तथा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा वीसी के जरिए नवनियुक्त कार्मिकों से संवाद करेंगे। जिला कलेक्टर ने बताया कि उत्सव में कुल 41 नव नियुक्त कार्मिक उपस्थित होंगें जिसमें प्रारंभिक शिक्षा विभाग के 12, स्वायत्त शासन विभाग और विधि एवं विधिक कार्य विभाग के 1-1, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 27 कार्मिक उपस्थित होंगें। उन्होंने कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए अधिकारियों को कार्य आवंटित कर आयोजन वृहद स्तर पर किये जाने के निर्देश दिये।

## विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर अजमेर विद्युत श्रमिक संघ ने श्रमिक दिवस मनाया

**राजस्थान। भीलवाड़ा** / अजमेर विद्युत वितरण निगम श्रमिक संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ जिला भीलवाड़ा द्वारा अपने आराध्य देव भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर अपने संगठन का उत्सव श्रमिक दिवस मंगलवार को अधीक्षण अभियंता कार्यालय परिसर स्थित श्रमिक संघ कार्यालय पर समारोह पूर्वक मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दलपत सिंह शेखावत ने द्वारा कि गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान विश्वकर्मा के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन तथा पुष्प अर्पण कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश उपाध्यक्ष जुमा काठात ने भगवान विश्वकर्मा हमारे इष्ट एवं आराध्य देव है तथा सृजन एवं निर्माण का प्रतीक है । इस अवसर पर जिला महामंत्री नरेश कुमार जोशी ने मंत्रोच्चारण करवाया तथा भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना कि और बताया कि भगवान विश्वकर्मा भगवान ब्रह्मा के 7वें पुत्र हैं जिन्होंने



ब्रह्माण्ड बनाने में भगवान ब्रह्मा की मदद की थी। संसार के पहले इंजीनियर वास्तुकला के ज्ञाता भगवान विश्वकर्मा वास्तुशास्त्र के भी प्रकांड विद्वान है. विष्णुपुराण के अनुसार भगवान विश्वकर्मा देवताओं के काष्ठशिल्पी माने जाते हैं ब्रह्माजी ने भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का शिल्पीकार नियुक्त किया था।उन्होंने सबसे पहले इस सृष्टिका मानचित्र बनाया था स्वर्गलोक इंद्रपुरी, कृष्ण भगवान का द्वारिका नगरी, सुदामापुरी, हस्तिनापुर,पांडवों का इंद्रप्रस्थ नगरी, गरूढ़भवन, कुबेरपुरी, यमपुरी,सोने की लंका जैसे कई नगर और स्थानों का निर्माण किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष जुम्मा काठात,जिला अध्यक्ष दलपत सिंह शेखावत, जिला महामंत्री नरेश कुमार जोशी, कोषाध्यक्ष मोहम्मद इकबाल चुडिगर डिस्कॉम कार्यसमिति सदस्य प्रहलाद शर्मा, जिला कार्यसमिति सदस्य नरेश कोठारी, भगवती नाथ योगी , मीडिया प्रभारी सूर्यप्रकाश लखारा, गोविंद शर्मा, सुशील व्यास, प्रवीन यादव, अशोक राठी आदि मौजूद रहे।

# धाकड़ समाज सेवा समिति द्वारा सामूहिक गोठ का आयोजन, महिलाओं की सिलाई मशीनें भेंट

जयपुर। झोटवाड़ा कालवाड़ रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में धाकड़ समाज सेवा समिति द्वारा सामूहिक गोठ का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष और नगर निगम ग्रेटर पार्षद शेर सिंह धाकड़ के नेतृत्व में कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन से की गई। कार्यक्रम में जयपुर शहर के विभिन्न क्षेत्रों से आए समाज के सदस्यों ने हिस्सा लिया और एक-दूसरे के साथ परिचय साझा किया। समिति के मंत्री बच्चू सिंह धाकड़ ने बताया कि इस आयोजन के दौरान समाज के विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की गई। विशेष रूप से, समिति ने




विधवा, आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाओं की मदद के लिए उन्हें सिलाई मशीनें भेंट कीं। इससे महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। धाकड़ समाज सेवा समिति ने पूर्व में भी कई सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया है, जिनमें सामूहिक विवाह सम्मेलन के तहत प्रत्येक जोड़े को 51 बर्तनों का सेट भेंट करना, ब्लड डोनेशन शिविर लगाना और समाज को जागरूक करने के प्रयास शामिल हैं। समिति समाज के विकास और उत्थान के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है। समिति के अध्यक्ष शेर सिंह धाकड़ ने समाज के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक कार्यों को जारी रखने का संकल्प लिया।

## वागन बांध आधे से अधिक खाली, किसानों के समक्ष चिंता की लकिरें बढ़ी



राजस्थान। चित्तौड़गढ़ / बड़ी सादड़ी विधानसभा क्षेत्र के सबसे बड़ा वागन बांध आधे अधिक खाली है साथ ही पिंड बांध भी खाली हैं। वागन बांध से निकलने वाली वागन नदी एक बार भी नहीं भर पाई। इससे किसान वर्ग चिंतित हैं। क्योंकि वाटर लेवल बहुत नीचे चला जाएगा जिससे आगामी दोनों में बोई जाने वाली फैसले पकाने में परेशानी आएगी परेशानी यहां भी नहीं रुकने वाली है जब तेज गर्मी होगी मार्च अप्रैल के महीने में वाटर लेवल नीचे जाने से पानी की समस्याएं उत्पन्न हो जाएगी जिससे पशु पक्षियों को पानी के लिए दर-दर की ठोकरें खानी पड़ेगी। बिलडी निवासी किसान सवराम मेघवाल ने बतया की गांव के समीप निकलने वाली वागन नदी खाली होने से आसपास क्षेत्र के वाटर लेवल बहुत नीचे चला जाएगा जिससे पानी की समस्या उत्पन्न होगी सबसे अधिक पशु पक्षियों के पीने के पानी की किल्लत की समस्याएं बनने के संकेत है। इस वर्ष हुई कम बारिश को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता शंकरलाल मेघवाल बिलडी ने क्षेत्र के कई किसानों से चर्चा की बताया कि अब तक चित्तौड़गढ़ सहित पूरे प्रदेश में औसत से अधिक बारिश हुई है लेकिन हमारे क्षेत्र में कम बारिश की वजह से वागन नदी पूरी नहीं भर पाई है जिससे पानी की समस्याएं साफ नजर आ रही है हर वर्ष कई बार नदी आने के बावजूद भी मई जून में पानी की समस्या उत्पन्न होती रही है। कम बारिश से सबसे अधिक किसान वर्ग प्रभावित होगा क्योंकि क्षेत्र के अधिकांश लोग खेती किसानी कार्य करते हैं।

# विधायक ज़ुबेर ख़ान के निधन पर पहुंचे कांग्रेस नेता सचिन पायलट व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

अलवर । रामगढ़ / कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामगढ़ विधायक जुबेर खान के निधन के बाद दिन प्रतिदिन उनके परिवार को ढांढस बँधाने के लिए राजस्थान ही नहीं पूरे हिंदुस्तान से दिग्गज नेता उनके निवास स्थान ढाई पैड़ी अलवर पहुंचकर उनके परिवार को मिलकर दु:ख साँझा कर एवम पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दे रहे हैं वार सोमवार व मंगलवार को भी दिन भर राजस्थान के दिग्गज नेता कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट सहित राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कांग्रेस की महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा भाजपा के नेता पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया, राजस्थान प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा, विधायक दल के नेता टीकाराम जूली, विधायक रफीक खान, धर्मेन्द्र राठौड़ , अमित चेचान, गोविंद राम मेघवाल , लखन सिंह , मांगीलाल मीणा , इमरान पूर्व मंत्री ममता भूपेश पूर्व मंत्री अशोक चांदना आमीन कागजी , कांति लाल विधायक थानागाजी, मुरारी लाल इंद्राज गुजर भाजपा के मंत्री संजय शर्मा ने परिवार से मिलकर दु:ख साँझा किया एवम पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी



# एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के बढ़ते खतरे पर तुरंत फैसले की जरूरत



एक वैश्विक विश्लेषण के अनुसार साल 1990 से 2021 के बीच एंटीबायोटिक प्रतिरोध या रेजिस्टेंस के कारण दुनियाभर में हर साल एक मिलियन (10 लाख) से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। वैज्ञानिकों ने चिंता जताते हुए कहा कि यह संकट और भी बढ़ता जा रहा है। अगर इस दिशा में तुरंत सुधार वाले बड़े फैसले नहीं लिए गए तो अगले 25 सालों में 39 मिलियन (3.9 करोड़) यानी करीब चार करोड़ लोगों की जान जा सकती है।

पिछले दो-तीन दशक के आंकड़ों पर नजर डालें तो पता चलता है कि कई प्रकार के संक्रामक रोग और क्रोनिक बीमारियों ने वैश्विक स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा की हैं। युवाओं में बढ़ती ब्लड प्रेशर और डायबिटीज की समस्या हो या कोविड-19 जैसी गंभीर महामारी, इसके कारण न सिर्फ स्वास्थ्य क्षेत्र पर दबाव बढ़ा है साथ ही बड़ी संख्या में लोगों की मौतें भी हुई हैं। इसी तरह की एक और तेजी से बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य चुनौती को लेकर हालिया अध्ययन में शोधकर्ताओं ने अलर्ट किया है।

द लैंसेट जर्नल में प्रकाशित शोध में वैज्ञानिकों ने एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस के बढ़ते गंभीर खतरे को लेकर सावधान किया है। एक वैश्विक विश्लेषण के अनुसार साल 1990 से 2021 के बीच एंटीबायोटिक प्रतिरोध या रेजिस्टेंस के कारण दुनियाभर में हर साल एक मिलियन (10 लाख) से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। वैज्ञानिकों ने चिंता जताते हुए कहा कि यह संकट और भी बढ़ता जा रहा है। अगर इस दिशा में तुरंत सुधार वाले बड़े फैसले नहीं लिए गए तो अगले 25 सालों में 39 मिलियन (3.9 करोड़) यानी करीब चार करोड़ लोगों की जान जा सकती है। शोधकर्ताओं ने कहा कि भारत सहित एशियाई देशों के लिए भी यह बड़ी चुनौती बनते जा रहा है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों को इस संबंध में बड़े फैसले लेने होंगे, वरना एक समय ऐसा आ जाएगा जहां लोगों को दवाओं को सख्त जरूरत होगी और ये दवाएं काम नहीं करेंगी। ग्लोबल रिसर्च ऑन एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस (जीआरएएम) प्रोजेक्ट के शोधकर्ताओं ने कहा कि भविष्य में एंटीबायोटिक प्रतिरोध से होने वाली मौतों का अनुमान दक्षिण एशियाई देशों में सबसे ज्यादा है। इसमें भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देश शामिल हैं। यहां साल 2025 से 2050 के बीच सीधे तौर पर यहां कुल 11.8 मिलियन (1.18 करोड़) से अधिक मौतों की आशंका है। साल 1990 से 2021 के बीच के आंकड़ों से पता चलता है कि 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों में एंटीबायोटिक या एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध के कारण होने वाली मौतों में 80 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। आने वाले वर्षों में यह वृद्ध लोगों को अधिक प्रभावित कर सकता है। एंटीबायोटिक प्रतिरोध या रेजिस्टेंस तब होता है जब बैक्टीरिया या कवक जैसे रोगाणुओं को मारने के लिए बनाई गई दवाओं के प्रति ये रोगाणु बचाव की क्षमता विकसित कर लेते हैं। एंटीबायोटिक दवाएं मुख्यरूप से संक्रमण की स्थिति में रोगजनकों को खत्म करने के लिए दी जाती हैं, पर एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की स्थिति में ये दवाएं काम करना ही बंद कर देती हैं। इस स्थिति में दवा लेने पर भी रोगाणु मरते नहीं बल्कि और बढ़ते रहते हैं। ऐसे में संक्रमणों का इलाज करना कठिन और असंभव भी हो सकता है। जिस तरह से दुनियाभर में संक्रामक रोगों के मामले बढ़ते जा रहे हैं, ऐसे में एंटीबायोटिक रेजिस्टेंस की बढ़ती समस्या को विशेषज्ञ काफी गंभीर मानते हैं।स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक थोड़ी राहत की खबर ये है कि 1990 से 2021 के बीच में पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों में एंटीबायोटिक प्रतिरोध के कारण होने वाली मृत्यु में 50 प्रतिशत से अधिक की कमी आई है। वाशिंगटन विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ मैट्रिक्स (आईएचएमई) में प्रोफेसर केविन इकुटा के मुताबिक पिछले तीन दशकों में छोटे बच्चों में सेप्सिस (रक्तप्रवाह संक्रमण) और एंटीबायोटिक प्रतिरोध से होने वाली मौतों में कमी अविश्वसनीय उपलब्धि है। हालांकि, इन निष्कर्षों से यह भी पता चलता है कि बच्चों में संक्रमण के मामले कम हुए हैं, लेकिन जब ये होते हैं तो उनका इलाज करना कठिन हो जाता है। पिछले अध्ययनों में विशेषज्ञों ने चिंता जताई थी कि बच्चों में निमोनिया के लिए दी जाने वाली कई दवाएं बेअसर हो रहीं है जिससे गंभीर रोगों का खतरा हो सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि स्वास्थ्य सेवा में सुधार और एंटीबायोटिक दवाओं के इस्तेमाल को लेकर सावधानी बरतकर भविष्य में करोडों लोगों की जान बचाई जा सकती है। यह अध्ययन समय के साथ एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध के रुझानों का पहला वैश्विक विश्लेषण है। आईएचएमई के एक अन्य विशेषज्ञ कहते हैं कि यह समझना महत्वपूर्ण है कि समय के साथ एंटीमाइक्रोबियल प्रतिरोध से होने वाली मौतों के रुझान कैसे बदल गए हैं और भविष्य में उनमें कैसे सुधार किया जा सकता है। इस बढ़ते खतरे से बचने के लिए विशेषज्ञ कहते हैं कि हमेशा किसी विशेषज्ञ की सलाह से ही दवा लें। बिना प्रिस्क्रिप्शन ओवर-द-काउंटर, इंटरनेट-यूट्यूब से देखकर न तो खुद डॉक्टर बनें, न ही खुद से दवा लेना शुरू करें, विशेषतौर पर कोई भी एंटीबायोटिक दवा।

# प्रेरणादायक रही है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा



नीरज कुमार दुबे

गुजरात के वडनगर रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाले से लेकर वर्ल्ड स्टेज पर दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार होने तक और एक बार फिर ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में सबसे आगे रहने तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा बड़ी रोचक और प्रेरणादायक रही है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन पर चारों ओर से बधाइयों का तांता लगा रहा। यही प्रार्थना की गई कि भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए मां भारती प्रधानमंत्री मोदी को और शक्ति व सामर्थ्य प्रदान करें। वर्ष 1950 में 17 सितंबर के दिन एक साधारण परिवार में जन्मे नरेंद्र दामोदर दास मोदी का सत्ता के शीर्ष पर पहुंचना इस बात का संकेत है कि यदि व्यक्ति में दृढ़ इच्छा शक्ति और अपनी मंजिल तक पहुंचने का जज्बा हो, तो वह मुश्किल से मुश्किल हालात को आसान बनाकर अपने लिए नए रास्ते बना सकता है। हम आपको बता दें कि 26 मई 2014 को भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने मोदी को देश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ दिलाई थी। पांच बरस बाद 2019 में भारतीय जनता पार्टी ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर लोकसभा चुनाव जीता और उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरुआत की। इस साल नौ जून को उन्होंने लगातार तीसरे कार्यकाल के लिये प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, जिसके बाद मोदी पंडित जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने वाले पहले व्यक्ति हो गए हैं। मोदी भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री भी हैं जिन्होंने आजाद भारत में जन्म लिया था। देखा जाए तो देश को आत्मनिर्भरता की राह पर आगे बढ़ाने वाले, देश को गुलामी की मानसिकता से निजात दिलाने वाले, मुश्किल से भी मुश्किल समय में देश को कुशल नेतृत्व देने वाले, बात महामारी की हो या आतंकवाद की...रणनीति और साहस के साथ उनका खात्मा करने वाले, विस्तारवादी ताकतों की सारी हेकड़ी निकालने वाले, देश को अगले 25 सालों के लिए नव-संकल्प दिलाकर सबको साथ लेकर, सबको विश्वास में लेकर आगे बढ़ाने वाले नरेंद्र मोदी के नेतृत्व कौशल की आज पूरी दुनिया कायल है। मोदी है तो मुमकिन है, यह कोई महज चुनावी नारा नहीं बल्कि आश्वस्ति का वह भाव है जो देश की जनता के मन में है। देश की जनता सिर्फ इसी बात से निश्चिंत है कि मोदी हैं तो हमारे देश की संप्रभुता और अखंडता को कोई आंच नहीं आ सकती। जनता बार-बार देख चुकी है कि कोई भारत को छेड़ेगा तो हम छोड़ेंगे नहीं, यह बात सिर्फ मोदी कहते भर नहीं हैं इसे समय-समय पर हकीकत भी बना कर दिखाते हैं। गुजरात के वडनगर रेलवे स्टेशन पर चाय बेचने वाले से लेकर वर्ल्ड स्टेज पर दुनिया के सबसे प्रभावशाली नेताओं में शुमार होने तक और एक बार फिर ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग में सबसे आगे रहने तक की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा बड़ी रोचक और प्रेरणादायक रही है। नरेंद्र मोदी इस मामले में पहले प्रधानमंत्री हैं जिसने गरीबी को सबसे करीब से देखा है। जिसकी मां दूसरों के घरों में काम करती हो, जिसने खुद कभी रेलवे स्टेशन पर चाय बेची हो, जिसने अपने जीवन का बड़ा हिस्सा दो जोड़ी कपड़ों में गुजारा हो, जिसने हिमालय की चोटियों पर बरसों संन्यासी के रूप में गुजारे हों, जिसने मुख्यमंत्री के रूप में गुजरात को ऐसा चमकाया हो कि दुनिया भारत के इस राज्य की चकाचौंध से जुड़ने के लिए खुद आतुर हुई हो, जिसने प्रधानमंत्री के रूप में भारत को गरीबी और निराशा की स्थिति से निकाला हो और जो देश को एकजुट कर नये भारतह्न और विकसित भारत की परिकल्पना साकार करने के लिए निकल पड़ा हो, उस हस्ती का देश-दुनिया वंदन कर रही है। वाकई ऐसे जुझारू, कर्मठ, कर्तव्यनिष्ठ, भारत की संस्कृति के प्रचारक और राष्ट्रभक्त जनसेवक बिरले ही होते



हैं। अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद की लगभग समाप्ति कर कश्मीरी युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की बात हो या फिर पूर्वोत्तर क्षेत्र में उग्रवाद और कुछ राज्यों में आधार रखने वाले माओवाद पर काबू पाने की बात हो, मोदी सरकार के कार्यकाल में देश में पूर्णतः शांति बनी हुई है और हर जगह सिर्फ कानून का राज है। नरेंद्र मोदी को जनप्रतिनिधि के रूप में विभिन्न पदों पर रहते हुए 21 साल से ज्यादा समय हो चुका है लेकिन देखिये उनके पास अन्य नेताओं की तरह न तो आलीशान बंगला है, न ही बड़े-बड़े बैंक बैलेंस हैं और ना ही चमचमाती कारें हैं। हां, उनके पास भारत की जनता का प्यार जरूर है तभी तो चुनावों के समय जनता खुद ही नारा लगाती है- नमो नमो, मोदी मोदी, मोदी है तो मुमकिन है, हर हर मोदी घर घर मोदी, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी ने देश को जो बड़े नारे या फिर कहिये सूत्रवाक्य दिये वह हैं- एक भारत, श्रेष्ठ भारत, सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास और सबका प्रयास। नरेंद्र मोदी ने अपने लिए बड़ा घर बनाने की जगह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत रिकॉर्ड संख्या में जरूरतमंदों के सिर पर छत प्रदान की। नरेंद्र मोदी ने सिर्फ अपने निर्वाचन क्षेत्र या अपने गृहराज्य की चिंता करने की बजाय देश को समान रूप से विकास की ऐसी ढेरों परियोजनाएं प्रदान कीं जिससे नये भारत का निर्माण चारों ओर होता दिख रहा है। भारत का पहला वॉर मेमोरियल, सेंट्रल विस्टा परियोजना, नया संसद भवन, नये संसद भवन में हमारा सेंगोल, भारत मंडपम, यशोभूमि आदि राष्ट्र इमारतें मोदी के कार्यकाल में ही साकार हुईं। राम मंदिर, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, स्वच्छ भारत, जीएसटी, वन रैंक वन पेंशन, सीडीएस, स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंडिया अभियान, नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति और जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाने के वादे भारत में बरसों से सुने जाते थे लेकिन यह सब साकार मोदी सरकार के कार्यकाल में ही हुए। यही वह सरकार है जिसने उद्योगों को मजबूती प्रदान करने के लिए तमाम कदम उठाये, उद्योगों की स्थापना संबंधी प्रक्रियाओं का सरलीकरण किया, मंजूरियां प्रदान करने की प्रक्रिया को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया, युवाओं को रोजगार पाने की जद्दोजहद में जुटने की बजाय उन्हें रोजगार प्रदान करने लायक स्थिति में पहुँचाने के लिए तमाम योजनाओं को पेश किया, कोरोना के कहर से देश को बचाने के लिए भारत में वैक्सीन के निर्माण को प्रोत्साहित भी किया तथा दुनिया में सबसे ज्यादा और तीव्र गति से वैक्सीन लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया, संकट के समय महीनों तक गरीब जनता को मुफ्त राशन उपलब्ध कराया। यही नहीं ओलम्पिक, पैरालम्पिक और राष्ट्रमंडल खेलों के सभी पदक विजेताओं और प्रतिभागी खिलाड़ियों का हौसला प्रधानमंत्री ने निजी रूप से बढ़ाया। विभिन्न क्षेत्रों में मुकाम हासिल करने वालों से बात कर उनका हौसला बढ़ाने की बात हो, युवाओं का विभिन्न अवसरों पर मार्गदर्शन करने की बात हो, छात्रों से परीक्षा पर चर्चा कर उनका हौसला बढ़ाने की बात हो...नरेंद्र मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री ने यह काम नहीं किया। भोलेनाथ के भक्त और काशी के जनसेवक मोदी ने रामनगरी अयोध्या में श्रीराम का दिव्य और भव्य मंदिर बनवा कर हिन्दुस्तान की जनता का सैंकड़ों वर्षों पुराना सपना साकार कर दिया तो मोदी सरकार के कार्यकाल में ही अल्पसंख्यक मंत्रालय ने मुस्लिमों के लिए इतनी योजनाएं पेश कीं कि आज यह वर्ग पहले की अपेक्षा ज्यादा पढ़ा-लिखा और संपन्न नजर आ रहा है। मोदी ने इस देश में बरसों से चल रही तुष्टिकरण की राजनीति को तो समाप्त किया ही मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक के अभिशाप से भी मुक्ति दिलाई। प्रधानमंत्री का जन्मदिन हो या फिर रक्षा बंधन या भैया दूज का त्योहार, मुस्लिम महिलाएं मोदी को भाई के रूप में राखी भेजती हैं, तिलक भेजती हैं। प्रधानमंत्री स्वयं कई बार अल्पसंख्यक वर्ग के प्रबुद्ध लोगों से बात कर उनकी समस्याएं हल करने की दिशा में कदम उठा चुके हैं। यही कारण है कि देश में लोकसभा और विधानसभा की कई ऐसी सीटें हैं जो अल्पसंख्यक बहुल होने के बावजूद भाजपा के पास हैं। यह दशार्ता है कि मुस्लिमों को वोट बैंक के रूप में देखने वालों के दिन अब लद चुके हैं। इस देश में दलितों और पिछड़ों को भी सिर्फ वोट बैंक के रूप में देखा जाता था लेकिन मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनकी सामाजिक और आर्थिक दशा में बड़े बदलाव आये हैं। सबको याद होगा कि प्रयागराज के कुंभ मेले में स्वच्छता कर्मियों के पैर खुद प्रधानमंत्री ने धोये थे और उन्हें सम्मानित किया था। कोई भी परियोजना साकार हो, मोदी उसमें लगे श्रमिकों का सम्मान करना कभी नहीं भूलते। कारीगरों और मजदूरों का काम पहले निर्माण के बाद खत्म समझा जाता था लेकिन मोदी के कार्यकाल में इन श्रमिकों को सम्मान मिल रहा है। यही नहीं, आज पिछड़े वर्गों को आगे बढ़ाने का काम जितना नरेंद्र मोदी ने किया है उतना आजाद भारत के इतिहास में कभी नहीं हुआ। गांवों और किसानों की चिंता करते हुए प्रधानमंत्री ने उन्हें सभी प्रकार की सुविधाएं प्रदान करने के लिए ना सिर्फ अनेकों योजनाएं पेश कीं बल्कि उनके क्रियान्वयन पर खुद निगाह भी रखी। गरीब किसानों की मदद के वादे तो पहले भी किये जाते थे लेकिन नरेंद्र मोदी ने किसान सम्मान योजना के जरिये ना सिर्फ उनकी आर्थिक मदद की बल्कि तमाम तरह की फसलों का एमएसपी समय-समय पर बढ़ाकर उन्हें और सशक्त भी किया। मोदी भ्रष्टाचार, परिवारवाद जैसी बुराई का कचरा तो साफ कर ही रहे हैं साथ ही वह स्वच्छ भारत के लिए कितने गंभीर रहते हैं यह देश कई बार देख चुका है। गंदगी दिखे तो झाड़ू लगा देना, समुद्र तट पर जायें तो कचरा एकत्र कर उसे डस्टबिन में डालना और किसी परियोजना के उद्घाटन के समय सिर्फ रिब्बन ही नहीं काटना बल्कि कचरा दिखे तो उसे भी उठा देना...ऐसा सिर्फ आज तक एक ही प्रधानमंत्री ने करके दिखाया है। प्रधानमंत्री योग से निरोग रहने का संदेश ही नहीं देते उसे खुद भी जीवन में अपनाते हैं। सेना के किसी कार्यक्रम में जाते हैं तो सैन्य वर्दी को शान से पहनते हैं।

## स्पेशल

# केजरीवाल ने आतिशी को सीएम बना साध ली आधी आबादी

जितेंद्र भारद्वाज



सियासत में अरविंद केजरीवाल को नए प्रयोगों के लिए जाना जाता है। दिल्ली के मुख्यमंत्री को लेकर कई तरह के कयास लगाए जा रहे थे। मीडिया में कई चेहरों का नाम सामने आया। राजनीतिक जानकार भी नए सीएम के नाम को लेकर उलझन में थे। कोई कह रहा था कि नया सीएम, हरियाणा और महाराष्ट्र के चुनाव को ध्यान में रखकर तय होगा। महाराष्ट्र में तो अभी चुनाव की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन हरियाणा, जो केजरीवाल का होम स्टेट है, वहां पर पांच अक्टूबर को वोटिंग होगी। ऐसे में माना जा रहा था कि केजरीवाल, अनुसूचित जाति के उम्मीदवार पर दांव लगा सकते हैं। इसका फायदा उन्हें न केवल हरियाणा, बल्कि महाराष्ट्र और दिल्ली के विधानसभा चुनावों में भी मिल सकता था। केजरीवाल ने ऐसा कुछ नहीं किया, बल्कि उन्होंने सीधे ही 47.1 करोड़ वोटरों का दांव खेल दिया। देश में महिला वोटरों की संख्या 47 करोड़ से ज्यादा है। केजरीवाल ने अचूक रणनीति का परिचय देते हुए आतिशी को मुख्यमंत्री बनाकर देशभर की महिला वोटरों को साधने का काम किया है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, दिल्ली के नए सीएम के लिए कई नाम चल रहे थे। इनमें आतिशी, राखी बिडलान, कुलदीप सिंह, कैलाश गहलौत, गोपाल राय व सौरभ भारद्वाज आदि नेता शामिल थे। ऐसा कहा जा रहा था कि मौजूदा सियासत में विधायक कुलदीप कुमार की लॉटरी लग सकती है। वजह, वे अनुसूचित जाति से ताल्लुक रखते हैं। अगर केजरीवाल उन्हें मुख्यमंत्री बनाते तो वे हरियाणा के अलावा दूसरे चुनावी राज्यों को भी साध सकते थे। कुलदीप सिंह ने पूर्वी दिल्ली सीट से आम आदमी पार्टी की टिकट पर लोकसभा चुनाव भी लड़ा था। उन्हें टिकट देने के बाद केजरीवाल ने कहा था कि कोई भी पार्टी जनरल सीट पर एससी उम्मीदवार को टिकट नहीं देती। विधायकों की बैठक से पहले केजरीवाल ने पीएसी की बैठक बुलाई थी। उसमें विस्तार से दिल्ली के नए सीएम को लेकर चर्चा की गई। सूत्रों का कहना है कि खुद केजरीवाल ने आतिशी का नाम पीएसी में रखा था। यह एक ऐसा नाम था, जिस पर पीएसी के सभी सदस्य सहमत थे। खास बात है कि आतिशी की कार्यशैली से केजरीवाल की पत्नी सुनीता भी खासी प्रभावित रही हैं। अरविंद केजरीवाल के जेल जाने के बाद उन्होंने बड़ी जिम्मेदारी के साथ अपनी भूमिका का निर्वहन किया। सीएम पद के लिए आतिशी का नाम आगे करने के पीछे केजरीवाल की मंशा, दूर का लक्ष्य साधना था। उन्होंने एक ऐसी महिला का नाम आगे किया, जिन पर कोई आरोप नहीं था। शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा शुरू की गई पहल को विदेशों में भी सराहना मिली थी। आतिशी ने उस वक्त अपनी जिम्मेदारी का प्रभावी तरीके से निर्वहन किया, जब दिल्ली के मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री, दोनों ही जेल में बंद थे। आतिशी ने एक बेहतरीन प्रशासक के तौर पर अपनी छाप छोड़ी है। दूसरा, सबसे बड़ा फैक्टर, वे महिला हैं। ऐसे में अरविंद केजरीवाल ने आतिशी को सीएम बनाकर देशभर की महिलाओं को साधने का प्रयास किया है। उन्होंने संदेश दिया है कि दो राज्यों में आप की सरकार है। पंजाब में भगवंत मान सीएम हैं तो अब दिल्ली की कमान आतिशी को सौंपी जा रही है। यानी आप के मुख्यमंत्री पद में महिला को पचास प्रतिशत की हिस्सेदारी मिल गई है। अब केजरीवाल हरियाणा या दूसरे जिस भी चुनावी राज्य में प्रचार के लिए जाएंगे, वहां पर वे कह सकते हैं कि उन्होंने एक महिला को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया है। अगर वे अनुसूचित जाति के व्यक्ति को मुख्यमंत्री बनाते तो 20 करोड़ से अधिक लोगों में संदेश जाता। भारत की जनगणना 2011 के मुताबिक, देश में अनुसूचित जाति की आबादी 20,13,78,086 थी। अनुसूचित जाति के 15 करोड़ 38 लाख 50 हजार 562 लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं, जबकि 4 करोड़ 75 लाख 27 हजार 524 लोग शहरी क्षेत्रों में रहते हैं। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री एक महिला बन गई हैं। देश में महिला वोटरों की संख्या 47 करोड़ से अधिक है। ऐसे में केजरीवाल देश की आधी आबादी को साधने का दांव चल सकते हैं। आतिशी के नाम को लेकर चर्चा तो पहले से ही हो रही थी। लेकिन उनके नाम पर आखिरी मुहर मंगलवार को लगी। लेकिन सियासी गलियारों में एक चर्चा यह भी हो रही है कि झारखंड में हुए चंपई सोरेन प्रकरण के बाद केजरीवाल मुख्यमंत्री के चयन में हर कदम फूंक-फूंक कर रखना चाहते थे। यही वजह है कि केजरीवाल ने अपने भरोसेमंद और सियासी नजरिए से मुफीद साथी आतिशी को सीएम का चेहरा बनाया। हालांकि केजरीवाल मनीष सिसौदिया के साथ आतिशी पर पहले से ही सबसे ज्यादा भरोसा करते रहे हैं। दिल्ली में नए मुख्यमंत्री का चयन तो हो गया, लेकिन सियासी चर्चाएं हैं कि आतिशी के चयन में क्या अहम फैक्टर देखे गए। राजनीतिक विश्लेषक आनंद कुमार कहते हैं कि कई बड़े नामों पर कयास लगाए जा रहे थे। इसमें कैलाश गहलोत से लेकर सौरभ भारद्वाज तक का नाम बताया जा रहा था। लेकिन केजरीवाल ने अपने सबसे भरोसेमंद सहयोगी आतिशी को बतौर सीएम चुना। आनंद कहते हैं कि 2013 से आतिशी पार्टी की विचारधारा के साथ तो जुड़ी रहीं, लेकिन जिस तरह से दिल्ली में मनीष सिसोदिया की शिक्षा प्रणाली के प्रोजेक्ट में अपना योगदान दिया उससे केजरीवाल का भरोसा जीता। इसके अलावा महिला फैक्टर ने भी खूब काम किया। इसका दिल्ली ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में सियासी फायदा भी देखने की उम्मीद पार्टी लगा रही है। आनंद कहते हैं कि जो चर्चाएं सियासी गलियारों में चंपई सोरेन के घटनाक्रम को लेकर हो रही हैं, वह भी गलत नहीं हैं। उनका कहना है कि हेमंत सोरेन ने अपने सबसे भरोसेमंद और पार्टी के सबसे करीबी नेता पर भरोसा करते हुए मुख्यमंत्री बनाया था। लेकिन बाद में जो सियासी घटनाक्रम हुआ उससे सभी लोग वाकिफ हैं। ऐसे में निश्चित तौर पर केजरीवाल को जब ऐसा निर्णय लेना था, तो वह अपने सबसे भरोसमंद और पहले से मुसीबत में साथ देने वाले चेहरे पर ही भरोसा जताते।

# ऑक्सीजन संकट से मछलियों की बदलती दुनिया

के.पी. सिंह



वर्ष 1960 के मुकाबले आज समुद्रों में ऑक्सीजन की कमी एक गंभीर समस्या बन चुकी है। खुले महासागर में 17 लाख वर्गमील से अधिक क्षेत्र में ऑक्सीजन की कमी देखी जा रही है, जो समुद्र के अन्य हिस्सों की तुलना में 4 से 5 फीसदी कम है, और कुछ स्थानों पर तो यह कमी 15 फीसदी तक पहुंच गई है। यह समस्या ग्लोबल वार्मिंग के कारण समुद्री तापमान में वृद्धि और अम्लीकरण से अलग है। नीदरलैंड के रेडबौड विश्वविद्यालय के इको-फिजियोलॉजिस्ट विल्को वर्बर्क के अनुसार, समुद्र का बढ़ता तापमान ऑक्सीजन की कमी का मुख्य कारण है। 70 डिग्री फारेनहाइट तक गर्म होने पर समुद्री ऑक्सीजन में कमी स्वाभाविक है। जब समुद्र में ऑक्सीजन कम होती है, तो मछलियों और अन्य समुद्री जीवों के लिए जीवन जीना कठिन हो जाता है, क्योंकि मछलियों को भी सांस लेने की आवश्यकता होती है। वर्ष 1960 से 2010 के बीच, दुनियाभर के महासागरों में औसतन दो फीसदी ऑक्सीजन कम हुई है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि इस सदी के अंत तक यह कमी बढ़कर 7 फीसदी हो जाएगी। कुछ विशेष क्षेत्रों, जैसे पूर्वोत्तर प्रशांत, में ऑक्सीजन की कमी 15 फीसदी से अधिक हो गई है। इस वजह से 25 से 30 फीसदी समुद्री जीवों की प्रजातियां या तो पलायन कर गई हैं या मर गई। आईपीसीसी की 2019 की रिपोर्ट के अनुसार, 1970 से 2010 के बीच, कुछ महासागरीय क्षेत्रों में ऑक्सीजन की कमी के कारण बड़ी मछलियों की संख्या घट गई है। अब इन क्षेत्रों में जेलीफिश जैसी मछलियां बढ़ गई हैं, जो कम ऑक्सीजन की परिस्थितियों में जीवित रह सकती हैं। जेलीफिश की संख्या 3 से 8 फीसदी बढ़ी है, जो यह दशार्ती है कि इन क्षेत्रों में समुद्री जीवन असामान्य रूप से बदल रहा है। दक्षिण-पूर्वी चीन के समुद्र तट पर बॉम्बे डक मछली की प्रजाति ने हाल के वर्षों में तेजी से वृद्धि की है। बॉम्बे डक, जो जेलीफिश जैसी बनावट की होती है, कम ऑक्सीजन में जीवित रह सकती है और यह विशेषतः ऑक्सीजन की कमी वाले क्षेत्रों में बढ़ रही है। एक दशक पहले जहां मछली पकड़ने वाले जहाज प्रति घंटे 40-50 पौंड मछली पकड़ते थे, वहीं अब यह मात्रा बढ़कर 440 पौंड तक पहुंच गई है। ब्रिटिश कोलंबिया विश्वविद्यालय के मत्स्य पालन शोधकर्ता डेनियल पॉली के अनुसार, इस मछली की अत्यधिक वृद्धि को खौफनाक कहा जा सकता है। हालांकि, यह वृद्धि समुद्री जीवन में असंतुलन का संकेत देती है। ऑक्सीजन की कमी के कारण अन्य मछलियां या तो मर गई हैं या पलायन कर गई हैं, और बॉम्बे डक उन प्रजातियों में से है जो कम ऑक्सीजन के बावजूद जीवित रह सकती हैं। इस स्थिति से वैश्विक इकोलॉजी में असंतुलन उत्पन्न हो सकता है। समुद्री ऑक्सीजन की कमी की समस्या ग्लोबल वार्मिंग से भी बड़ी है, क्योंकि इससे महासागरों में जीवों की विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य में महासागर और अधिक गर्म होंगे और ऑक्सीजन की कमी जारी रहेगी, जिससे समुद्री जीवन की संरचना में बड़े परिवर्तन होंगे। इस प्रकार, समुद्री ऑक्सीजन की कमी वैश्विक पर्यावरणीय संकट का एक महत्वपूर्ण पहलू है, जो न केवल महासागरीय जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि पूरी धरती के इकोसिस्टम को भी खतरे में डालता है।

# द्वितीय स्थान प्राप्त कर उज्जैन जिले की टीम ने रनर अप ट्रॉफी जीती

**रुद्रांश दर्पण उज्जैन**
**उज्जैन समरथ सेन**

मप्र योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में मुरैना जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा गत 13 से 15 सितंबर तक मुरैना के राधिका पैलेस पर आयोजित हुई 5वी सीनियर एवं 3री मास्टर्स राज्य स्तरीय योगासन प्रतियोगिता में उज्जैन जिले ने पूरे मप्र में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रनर अप ट्रॉफी पर कब्ज़ा जमाया। साथ ही जिले के खिलाड़ी शुभम शर्मा ने आर्टिस्टिक सिंगल एवं ट्रेडिशनल योगासन इवेंट में 2 स्वर्ण पदक, नर्मदा धाकड़ ने आर्टिस्टिक सिंगल एवं रिदमिक पेअर इवेंट में एक स्वर्ण एवं एक रजत पदक, उमा अटोलिया ने रिदमिक पेयर इवेंट में एक स्वर्ण पदक, अमित पांचाल एवं आयुष भाना ने रिदमिक पेयर इवेंट में कांस्य पदक अर्जित कर उज्जैन को प्रदेश के टॉप 3 में दूसरा स्थान दिलाया। सबसे अधिक स्वर्ण पदको के साथ इंदौर रहा प्रथम एवं तृतीय स्थान पर मुरैना जिला रहा। प्रतियोगिता में मप्र योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री वेदप्रकाश जी शर्मा ने अपने उद्बोधन में योगासन खेल के आने वाले भविष्य को लेकर सभी को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में योगासन को एशियाई खेलों में शामिल किया गया है, जल्द ओलंपिक के सफर भी हम तय करने वाले है, इससे प्रदेश के योगासन खिलाड़ियों को बहुत अधिक प्रोत्साहन मिलेगा। जिले की टीम की सफलता पर मप्र योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं उज्जैन जिले के अध्यक्ष डॉ अजय वक्तारिया ने सभी खिलाडियो सहित कोच रमेश मदारिया एवं मैनेजर युजवेंद्र चंदेल को सम्मानित किया



साथ ही प्रदेश सचिव श्री दिनेश सिंह ठाकुर, जिला सचिव श्री संजय शर्मा, राष्ट्रीय निर्णायक डॉ मिलिंद्र त्रिपाठी, श्री गजेंद्र मंदिवाल, श्री राजेश जोशी, श्रीमती भूमिका दुबे, श्री मोहनलाल बंबोरिया, श्री रामसिंह बनिहार, श्री संतोष सोलंकी, श्री संजय पोपण्डिया एवं मुरैना जिले के सचिव डॉक्टर जय किशन शर्मा ने शुभकामनाएं प्रेषित की। जिले के टीम में सीनियर बालिका वर्ग में केशवी पुरोहित, हर्षिता तोमर, शैलबाला पाटीदार, नर्मदा धाकड़, उमा अटोलिया, सीनियर बालक वर्ग में शुभम शर्मा, आकाश सोलंकी, जय चौहान, विनय शर्मा, आयुष भाना, अमित पांचाल, मास्टर्स इवेंट महिला वर्ग में अनुष्का ठाकुर , नेहा त्रिवेदी, दीपाली नाग, ममता उपाध्याय मेघा चंदेल एवं पुरूष वर्ग में भरत कुम्भकार ने सहभागिता की । उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष डॉ अजय वक्तारिया ने दी ।

# शाजापुर विकास खण्ड के प्रिपेटरी प्रशिक्षण के अंतिम चरण का शुभारंभ

**रुद्रांश दर्पण शाजापुर**



शाजापुर। राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देश पर विकास खण्ड शाजापुर के कक्षा तीन एवं चार पढ़ाने वाले शिक्षकों के पांच दिवसीय प्रिपेटरी प्रशिक्षण के अंतिम चरण का शुभारंभ 17 सितम्बर, मंगलवार को डाइट शाजापुर में डीपीसी श्री राजेन्द्र सिप्रे एवं बीआरसी श्री योगेश भावसार के मार्गदर्शन एवं बीएसी श्री देवेंद्र पाठक व बीएसी श्री प्रमोद गुप्ता की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ जो कि 21 सितम्बर, शनिवार तक चलेगा। उक्त प्रशिक्षण में जन शिक्षा केन्द्र लाहोरी सहित प्रशिक्षण से शेष रहे सभी केन्द्र के करीब 45 शिक्षक सहभागिता कर रहे हैं। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस सभी उपस्थित शिक्षकों ने प्री टेस्ट भी आनलाइन सबमिट किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों को बीएसी श्री पाठक जी द्वारा पांच दिनों तक पूरे समय प्रशिक्षण में उपस्थित रहते हुए प्रशिक्षण को गंभीरता से लेना है और प्रशिक्षण की सीख को बच्चों तक भी ले जाना है इस बात पर जोर दिया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षण प्रभारी बीएसी श्री प्रमोद गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर संबंधित केन्द्र के जनशिक्षक एवं समस्त मास्टर ट्रेनर भी उपस्थित रहें।

# पुराने पुल पर अज्ञात बुजुर्ग महिला का शव मिला

**रुद्रांश दर्पण खरगोन**
**राजेश सुल्ताने**



बलकवाडा थाना क्षेत्र की खलटाका पुलिस चौकी क्षेत्र में नर्मदा नदी पुराने पुल के पास करीब 70 वर्षीय अज्ञात महिला का शव पानी में तैरता मिला ग्रामीणों की सुचना पर खलटाका चौकी प्रभारी राजेंद्र अवास्या अपनी टीम के साथ नर्मदा नदी पर पहुंचे और शव को बाहर निकाल कर कसरावद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया चौकी प्रभारी राजेंद्र अवास्या ने बताया की सोशल मिडिया के माध्यम से शव की शिनाख्त करवाई जा रही है

## प्रदेश की राजधानी भोपाल में हुआ सम्मान



**रुद्रांश दर्पण उज्जैन खाचरौद समरथ सेन** PM स्वनिधि योजना में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर प्रदेश स्तर पर खाचरौद नगर पालिका परिषद को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में भोपाल में खाचरोद शहर गोरवान्वित हुआ, भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में खजूर नगर पालिका के जनप्रतिनिधि और अधिकारी को सम्मान प्राप्त हुआ जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा,मुख्य नगर पालिका अधिकारी घनश्याम मचार, स्वच्छता समिति के सभापति नारायण मंडालिया सम्मिलित थे जिनका सम्मान किया गया !

# रोटरी क्लब अपना का एक और स्थाई प्रकल्प प्रारंभ

**रुद्रांश दर्पण झाबुआ**
**प्रवीण सोलंकी**

झाबुआ- रोटरी क्लब अपना मेघनगर के अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सोलंकी एवं सचिव के नेतृत्व में एक ओर स्थाई प्रकल्प का शुभारंभ हुआ रोटरी क्लब हमेशा से सामुदायिक सेवा में सबसे आगे हैं इसी कड़ी में मुक्तिधाम पर दाह संस्कार हेतु लकड़ी की उपलब्धता की गई है परिजन को लकड़ी के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था लकड़ी की व्यवस्था के लिए नगर से 2 किलोमीटर दूर बने मुक्तिधाम तक टेंपो द्वारा ले जाना पड़ती थी फिर लकड़ी भरना खाली करना बड़ी असुविधा होती थी उसको देखते हुए अब रोटरी क्लब अपना द्वारा जन सहयोग से लकड़ी की व्यवस्था मुक्तिधाम पर ही कर दी गई है रोटरी क्लब अपना के भरत मिस्त्री ने जानकारी देते हुए



बताया कि इस व्यवस्था को जन सहयोग से ही संचालित किया जाएगा एक व्यक्ति के अंतिम संस्कार हेतु कम से कम एवं लागत मुल्य पर लकड़ी दि जावेगी एवं कोई अती गरीब या जिसके आगे पिछे कोई नहीं है या बाहर का व्यक्तित्व किसी हादसे के कारण मृत्यु हुई है ओर परिजन के चाहने पर एवं उस परिजन कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है एसे लोगो का अंतिम संस्कार हेतु लकड़ी का शुल्क नहीं लिया जाएगा अभी क्लब द्वारा लिए गए गनिर्णय अनुसार एक व्यक्ति के दांह संस्कार में 300 किलो लकड़ी लगती है उस अनुसार एक व्यक्ति के दांह संस्कार हेतु 1500/- रुपए लिए जाएंगे जिसकी रसीद दि जाएगी बिना रसीद कोई ओर कोई स्वेच्छा से ज्यादा देना चाहते हैं तो वह उनकी मर्जी जो भी राशि दि जावेगी उसकी रसीद दि जाएगी बिना रसीद लकड़ी नहीं दि जावेगी आने वाले समय में कण्डे कि व्यवस्था भी कि जाएगी तब कुछ राशी ओर बढ़ाई जा सकती है बरसात के कारण अभी काम चलने के लिए थोड़ी लकड़ी उपलब्ध है ओर भी लकड़ी अभी आना बाकी है वह भी बहुत जल्दी जन सहयोग से आने वाली है नगरवासी इस मान सेवा कार्य की भुरी भुरी प्रशंसा करते हुए रोटरी क्लब को बधाई दे रहे हैं

रुद्रांश दर्पण झाबुआ प्रवीण सोलंकीझाबुआ- थांदला ब्लॉक की कार्यकारिणी को लेकर 22.9.2024 रविवार को एक बैठक रखीं गयी हैं भील सेना संगठन के सभी साथी उपस्थिति देवें भील सेना संगठन झाबुआ। यह जानकरी करण डामोर भील सेना संगठन जिला प्रभारी ने दी है जय भील वंश जय भील प्रदेश

# हर्ष उल्लास के साथ विदा किया श्री गणेशजी

## डीजे ढोल बाजे के साथ दिन भर चला मूर्ति विसर्जन का दौर

**रुद्रांश दर्पण उज्जैन**
**खाचरौद समरथ सेन**



10 दिनों तक चलने वाले श्रीगणेश उत्सव का आखिरी दिन होने से भगवान श्री गणेशजी की विदाई ओर और मूर्ति विसर्जन का दौर दिन भर जारी रहा ! घिनोदा, फर्नाखेड़ी, चापाखेड़ा, चापानेर, आक्याजागीर, सकतखेड़ी, मोकड़ी, सेदरी, बंजारी मीण, मड़ावदा, बड़ागांव, भुंवासा, नर्सिंगड, कमठाना, बटलावदी सहित खाचरौद तहसील के प्रत्येक गांव में सार्वजानिक स्थानों के साथ घर घर मे गणेश की स्थापना की गई थी । दिनभर सुबह से3 शाम 5 बजे तक मूर्ति विसर्जन का कार्य पूजा पाठ के साथ चलता रहा ! गणपति विसर्जन के बाद इसी के साथ नई शुरुआत करनी चाहिए । गणपति आते हैं तो अच्छा भाग्य और समृद्धि लाते हैं । जिसको पाने के लिए पूरे साल कड़ी मेहनत करने के लिए नई शुरुआत का समय विसर्जन से शुरू हो जाता है । जो अगले साल गणेश स्थापना तक रहता है । ऐसे ही खाचरोद तहसील के नगरीय और ग्रामीण अंचलो मे गणेश जी की स्थापना के साथ ही अंतिम दिन ढोल धमाको के साथ गणेश जी महाराज को विदाई भी दी !

**त्याग का मार्ग दिखाता है** - त्याग का भाव है गणपति विसर्जन में गणेश विसर्जन का अर्थ केवल मूर्ति को जल में मिलाना नहीं है । मूर्ति विसर्जन की ये प्रक्रिया समझाती है कि इस भौतिक दुनिया में हमने जो कुछ भी बनाया है, वो अस्थायी है और आखिरी में विलीन हो जाएगा, इसलिए संसार की माया में फंसने की बजाय अपनी अंदरूनी बुद्धि को जगाना चाहिए । विसर्जन को समझते हुए हम अपनी बुद्धि का सही इस्तेमाल कर संसार के मोह से मुक्त होकर इसे त्याग सकते हैं।

**दूषित होता पर्यावरण** -घर में ही मूर्ति विसर्जन करना ठीक है। इस बारे में ब्रह्मपुराण और महाभारत में कहा गया है कि नदियों को गंदा करने से दोष लगता है, इसलिए किसी गमले या नए बड़े बर्तन में पानी भरकर उसी में गणेश जी को विसर्जित करना चाहिए मूर्ति के साथ अन्य पूजा पाठ का भी नदियों मे डाल देते है जिससे नदिया दूषित हो रही है ! और पानी पिने योग्य ख़राब होकर बीमारीयों को जन्म दे रहा है इसीलिए नदिया और सरोवर को दूषित होने से रोकना चाहिए और कोशिश करें की आस्था मे हम अपने जीवन को दूषित ना करें !

**नदी में डूबने से मृत्यु** -दिन भर जहां गणेश विसर्जन का दौर चलता रहा और हर कहानी खुशी का माहौल रहा तो वही नरेड़ी हनुमानजी से गणेश विसर्जन के लिए कुंडल नदी पहुचे जहा पानी मे डूबने से एक युवक के डूबने की बात भी सामने आई हैं, मिली जानकारी के अनुसार घटना लगभग 2 से 3 बजे के बीच की बताई जा रही है जब भानुप्रतापसिंह चौहान अचानक नदी में डूबने के बाद साथियों के खाजने पर कई समय बाद पानी मेसे ही मील जहा से सीधे खाचरौद हॉस्पिटल ले जाया गया जहां से पीएम के बाद शव परिजनों को दे दिया गया और अंतिम संस्कार गांव में किया गया ! जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक भी तेजबहादुरसिंह चौहान भी हॉस्पिटल पहुचे !

# प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का शुभारंभ

**दो अक्टूबर तक चलेगा स्वच्छता ही सेवा पखवाडा**

**3966 प्रधानमंत्री ग्रामीण आवासों में गृह प्रवेश**

**2754 हितग्राही शहरी क्षेत्रों में बने अपने आवासों के मालिक**

**मंत्री श्री टेटवाल एवं सांसद श्री नागर ने किया कार्यक्रम का शुभांरभ**

राजगढ़ - प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री श्री गौतम टेटवाल ने कहा कि सरकार हर नागरिक को सशक्त बनाकर उसके कल्याण के लिए कार्य कर रही है। विभिन्न योजनाओं से आम आदमी को उसके अधिकार मिल रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण एवं शहरी आवास योजना से जरूरतमंदों को रहने के लिए सुन्दर आवास मिल रहे है। प्रदेश में लाडली बहना जैसी हितकारी योजना संचालित हो रही है। सरकार का उददेश्य है कि हर पात्र हितग्राही को योजना का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता ही सेवा पखवाडा प्रारंभ किया जा रहा है। जो 02 अक्टूबर तक संचालित होगा। हम सब मिलकर पूरे जिले को स्वच्छ बनाएं। जिला अस्पताल में प्रारंभ किए गए प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र से आमजन को किफायत दर पर जेनेरिक दवाई उपलब्ध होंगी। जो सरकार का आम आदमी के हित में अत्यंत उपयोगी कदम है। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल मंगलवार को जिला मुख्यालय पर तीनों कार्यक्रमों के आयोजन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में सांसद श्री रोडमल नागर, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री ज्ञान सिंह गुर्जर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री महीप किशोर तेजस्वी सहित बडी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। मंगलवार को आयोजित उपरोक्त कार्यक्रम की शुरूआत जिला अस्पताल के आयुष केन्द्र में प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के शुभारंभ से की गई। इस केन्द्र का प्रदेश के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग मंत्री श्री गौतम टेटवाल व सांसद श्री रोडमल नागर ने फीता काट कर शुभारंभ किया। केन्द्र से उच्च गुणवत्ता की जेनेरिक दवाई सस्ते दाम पर उपलब्ध होंगी। इस दौरान मंत्री राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल एवं सांसद श्री नागर ने आमजन से उक्त केन्द्र का फायदा लेने एवं किफायती दरो पर दवाईयां खरीदने का आग्रह किया। तत्पश्चात पारायण चौक पर आयोजित मुख्य समारोह में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल एवं सांसद श्री नागर ने 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता से सेवा पखवाडे का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि इस अभियान से जन-जन को जोडा जाए। साथ ही गांव से लेकर शहर तक, गली मोहल्लों से लेकर घर तक सभी जगहों पर स्वच्छता अभियान संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में सफाई मित्रों के स्वास्थ्य जाचं एवं उनको कल्याणकारी योजनाओं के लाभ देना भी सुनिश्चित किया जाए। राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय को स्वच्छता ही सेवा अभियान में भागीदारी करने की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मुख्य आतिथ्य में जमशेदपुर से प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना के तहत निर्मित आवासों के गृह प्रवेश कार्यक्रम एवं स्वीकृति पत्र व सिंगल क्लिक के माध्यम से राशि हस्तांतरण कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया। जिसका उपस्थित जन समुदाय ने अवलोकन किया। इस दौरान जिले में 3966 प्रधानमंत्री ग्रामीण आवासों में गृह प्रवेश एवं 2754 हितग्राही शहरी का गृह प्रवेश भी हुआ। साथ ही लगभग 4850 आवास के हितग्राहियों के खाते में सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रथम किश्त की राशि का भी हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री टेटवाल एवं श्री नागर द्वारा प्रधानमंत्री शहरी एवं ग्रामीण आवास योजना के हितग्राहियों को हितग्राही प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही सफाई मित्र सर्व श्री मुकेश, शंकरलाल, जयराम अनारजी, मांगीलाल, जमनालाल, राजेश, मांगीलाल, जीवन, बापूलाल का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। अंत में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री महीप किशोर तेजस्वी ने आभार व्यक्त किया।

# पीएम मोदी ने आवासहीन परिवारों को 2044 करोड़ रूपये की राशि का किया ऑनलाईन अंतरण

रुद्रांश दर्पण रायपुर
अरविन्द तिवारी







रायपुर – प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी ने आज अपने जन्म दिन के मौके पर छत्तीसगढ़ राज्य के 05 लाख 11 हजार से अधिक आवासहीन परिवारों को स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिये पहली किश्त 2044 करोड़ रूपये की राशि सीधे उनके बैंक खातों में ऑनलाईन ट्रान्सफर की। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं अन्य मंत्रीगण की मौजूदगी में मोर आवास–मोर अधिकार कार्यक्रम राजधानी स्थित रायपुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस कार्यक्रम में वर्चुअली शामिल हुये , उन्होंने आवास निर्माण के लिए चयनित हितग्राहियों को प्रथम किश्त की राशि अंतरित करते हुये हितग्राहियों को बधाई और शुभकामनायें दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि समाज के गरीब और कमजोर तबके के लोगों के जीवन में खुशहाली लाना ही उनकी सरकार का लक्ष्य रहा है। दस सालों में हमने इस लक्ष्य को हासिल करने में शानदार सफलता अर्जित की हैं। इस मौके पर 23 हजार से अधिक शहरी परिवारों को उनके निर्मित आवासों की चाबी, आवास का पूर्णता प्रमाण पत्र, द्वार तोरण, पूजा सामग्री प्रदान किया गया। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को विश्वकर्मा जयंती एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि आज का दिन छत्तीसगढ़ के लोगों के लिये दोहरी खुशी लेकर आया है। एक ओर प्रधानमंत्री का जन्मदिन और दूसरी ओर प्रदेश के लाखों लोगों के आवास का सपने साकार हो रहा हैं। इसके लिये हम प्रधानमंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। लाभार्थियों का हमने पांव धोकर स्वागत किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान आम आदमी की सबसे बुनियादी आवश्यकतायें हैं, लेकिन आज़ादी के कई दशक बाद भी देश के करोड़ों नागरिकों के पास स्वयं का मकान नहीं हैं। आवासहीन परिवारों के मकान के सपने को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पूरा किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि पूरे देश में 32 लाख आवास स्वीकृत हुये हैं उनमें से लगभग 30 फीसदी आवास छत्तीसगढ़ को मिला है , यह राज्य के लिये बड़ी उपलब्धि है। मुख्यमंत्री बनने के बाद हमने सबसे पहला काम 18 लाख पीएम आवास की स्वीकृति दी थी। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के 05 लाख 11 हज़ार हितग्राहियों के खाते में पहली किश्त का अंतरण किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस योजना के क्रियान्वयन को लेकर हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। इसमें किसी भी तरह की कोताही और गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। पीएम आवास योजना में एक रुपए की भी गड़बड़ी की शिकायत मिली तो सीधे कलेक्टर के ऊपर कार्रवाई होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां स्वच्छता का संकल्प भी दिलाया गया। उन्होंने लोगों से स्वच्छता का विशेष रूप से ध्यान रखने के साथ ही अपने घर एवं आस–पास के परिवेश सहित स्कूलों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाये रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमें अपनी आदत में शामिल करना होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के इतिहास को लिखने का दिन है। छत्तीसगढ़ के आवासहीन लोगों के जीवन में एक नई रोशनी मिलेगी। हमने जो वादा किया था, उसे आज पूरा किया है। यह सामाजिक न्याय और समरसता की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में केंद्र सरकार ने चार करोड़ आवास बनाकर गरीबों के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। इसके साथ ही पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल में तीन करोड़ नये आवासों की स्वीकृति दी गई है जिससे यह योजना और अधिक प्रभावी हो रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी पूरी होने जा रही है। सरकार बनते ही हर महीने पच्चीस हजार नये आवास बनकर तैयार हो रहे हैं। एक लाख 96 हजार आवास बनकर तैयार हो गये हैं , इसके अलावा प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत 24 हजार आवास भी बनाये जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार से अब तक छत्तीसगढ़ को 08 लाख 47 हजार आवास आवंटित किये गये हैं, जबकि 47 हजार आवास मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत बनाये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह योजना गरीबों के लिये एक बड़ा उपहार है, जिससे उनका जीवन स्तर बेहतर हो रहा है। गांव–गांव में जिन लोगों के नाम सर्वे सूची में नहीं आये हैं उनके नाम भी अब सूची में जोड़े जायेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना पर आधारित तकनीकी मार्गदर्शिका का विमोचन और गृह पोर्टल का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह पोर्टल आवास योजना को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होगा और हितग्राही बिना किसी कठिनाई के अपने घर का निर्माण कार्य कर सकेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष सहित मंत्रिमंडल के सदस्यों ने पीएम आवास योजना के हितग्राहियों के साथ भोजन भी किया। इस अवसर पर खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े, रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, महासमुंद सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी, विधायक पुरंदर मिश्रा, मोती लाल साहू, पद्मश्री अनुज शर्मा, इन्द्रकुमार साहू और गुरू खुशवंत साहेब उपस्थित थे।

# खेलो इंडिया में कोच ऋषि सिंह के दो खेलाडियों का सलेक्शनप्त

रुद्रांश दर्पण रायगढ़




खेलो इंडिया गुजरात के लिए चयन हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी केंद्रीय से खेल का आयोजन है जिसमे नेशनल कोच ऋषि सिंह की दोनों खेलादियों नाम मेरी खलखो और ग्लोरी खलखो का कोरबा में हुए स्टेड मेन्ट में चयन होकर दोनो बहनों की जोड़ी ने गोल्ड मैडल लगा कर नेशनल के लिए श्लेक्सन हुआ है।मेरी खलखो ग्लोरी खलखो दोनो खेलादियों के साहित् उनके कोच (ऐशियन मेडलिस्ट) ऋषि सिंह को भी पूरे ताईक्कांडो संघ की ओर जीत कर आने की आशीर्वाद देते हैं।जिला ताइक्कांडो संघ के कोच ऋषि सिंह (प्रथम) महासचिव अनिल दिवेदी, रायगढ़ संरक्षक एडिशनल एसपी सुरेशा चौबे जी,, सचिव आरती सिंह अध्यक्ष अशोक बट्टीमार उपाध्यक्ष खेमराज नायक जी की ओर से बधाई दिया गया एवम उज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई।।

# श्राद्ध का मतलब है पितरों के प्रति श्रद्धा भाव - अरविन्द तिवारी

रुद्रांश दर्पण रायपुर



रायपुर — हिन्दू धर्म में श्राद्ध का विशेष महत्व है , श्राद्ध शब्द श्रद्धा से बना है जिसका मतलब है पितरों के प्रति श्रद्धा भाव। हिंदू मान्यताओं के अनुसार देह त्याग करने के बाद हमारे पुरखे परलोक सिधार जाते हैं और उनकी आत्मा की तृप्ति के लिये सच्ची श्रद्धा के साथ तर्पण किया जाता है , उसे ही श्राद्ध कहा जाता है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये अरविन्द तिवारी ने बताया कि मृत्यु के देवता यमराज श्राद्ध पक्ष में जीवात्मा को मुक्ति प्रदान कर देते हैं , ताकि वे स्वजनों के यहां जाकर तर्पण ग्रहण कर सकें। श्राद्ध कर्म एवं पिंड दान करने से पितर अति प्रसन्न होकर उन्हें आशीर्वाद प्रदान करते हैं। पितरों के आशीर्वाद से घर–परिवार में धन–दौलत , सुख–सुविधा , मान–सम्मान और ऐश्वर्य की वृद्धि होती है। भाद्रपद की पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक सोलह दिनों तक का समय श्राद्धपक्ष कहलाता है। इस वर्ष का पितृ पक्ष 17 सितंबर को भाद्रपद पूर्णिमा तिथि से शुरू हो रहा है , इस दिन श्राद्ध पूर्णिमा रही , वहीं पितृ पक्ष 02 अक्टूबर को सर्व पितृ अमावस्या या आश्विन अमावस्या के दिन समाप्त होगा। धार्मिक मान्यता के अनुसार पूर्वजों के आत्मा की शांति और उनके तर्पण के निमित्त श्राद्ध किया जाता है। प्रत्येक मनुष्य को लिये देवऋण , ऋषिऋण और पितृऋण रहता है जिसमें मनुष्य स्वाध्याय करके ऋषिऋण से , यज्ञ करके देवऋण से और श्राद्ध , तर्पण करके पितृऋण से मुक्त होता है। श्राद्धपक्ष में पितरों का तर्पण करने से उनकी आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष प्राप्त होता है। श्राद्ध में पितरों का तर्पण करने के लिये तिल , जल , चाँवल , कुशा , गंगाजल आदि का इस्तेमाल जरूर करना चाहिये। श्राद्ध के दौरान तुलसी और पीपल के पेड़ पर जल चढ़ायें और सूर्यदेवता को सूर्योदय के समय अर्ध्य जरूर दें। पितरों को याद करने , तर्पण एवं श्राद्ध करने के लिये दिन का समय तय किया गया है। पितृपक्ष भाद्रपद मास की पूर्णिमा और आश्विन माह कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से शुरू होते हैं। इस साल पितृपक्ष आज 20 सितंबर पूर्णिमा से शुरू होकर 06 अक्टूबर विसर्जन तक चलेगा। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार श्राद्ध पक्ष भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा से आश्विन कृष्ण अमावस्या तक कुल सोलह दिनों में हर दिन अलग–अलग लोगों के लिये श्राद्ध होता है , इसका प्रत्येक दिन महत्वपूर्ण है। वैसे अक्सर यह होता है कि जिस तिथि को व्यक्ति की मृत्यु हुई है , श्राद्ध में पड़ने वाली उस तिथि को उसका श्राद्ध किया जाता है। मान्यता है पितृ पक्ष के दौरान हमारे पूर्वज सूक्ष्म रूप में धरती पर आकर अपने परिवार के लोगों के हाथों से तर्पण स्वीकार करते हैं। इसलिये इस दौरान पिंडदान , तर्पण , श्राद्ध , हवन और अन्नदान का विशेष महत्व माना जाता है। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिये पिंडदान करने का भी विधान बताया गया है। मान्यता है जो लोग इस दौरान सच्ची श्रद्धा से अपने पितरों का श्राद्ध करते हैं उनके सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। पितृ पक्ष में दान– पुण्य करने से कुंडली में पितृ दोष दूर हो जाता है। ऐसा भी कहा जाता है जो लोग श्राद्ध नहीं करते उनके पितरों की आत्मा को मुक्ति नहीं मिलती और पितृ दोष लगता है। इस कारण पितृ दोष से मुक्ति के लिये पितरों का श्राद्ध जरूरी माना जाता है।

**किसको करना चाहिये श्राद्ध ?** पिता के श्राद्ध का अधिकार उसके बड़े पुत्र को है लेकिन यदि जिसके पुत्र ना हो तो उसके सगे भाई या उनके पुत्र श्राद्ध कर सकते हैं। यह कोई नहीं हो तो उसकी पत्नी कर सकती है। हालांकि जो कुंवारा मरा हो तो उसका श्राद्ध उसके सगे भाई कर सकते हैं और जिसके सगे भाई ना हो , उसका श्राद्ध उसके दामाद या पुत्री के पुत्र (नाती) को और परिवार में कोई ना होने पर उसने जिसे उत्तराधिकारी बनाया हो , वह व्यक्ति उसका श्राद्ध कर सकता है।

**सोलह तिथियों का महत्व क्या है ?** श्राद्ध की सोलह तिथियां पूर्णिमा , प्रतिपदा , द्वि?तीया , तृतीया ,चतुर्थी , पंचमी , षष्ठी , सप्तमी , अष्टमी , नवमी , दशमी , एकादशी , द्वादशी , त्रयोदशी , चतुर्दशी और अमावस्या होती है। उक्त किसी भी एक तिथि में व्यक्ति की मृत्यु होती है चाहे वह कृष्ण पक्ष की तिथि हो या शुक्ल पक्ष की। श्राद्ध में जब यह तिथि आती है तो जिस तिथि में व्यक्ति की मृत्यु हुई है उस तिथि में उसका श्राद्ध करने का विधान है। इसके अलावा प्रतिपदा को नाना–नानी का श्राद्ध कर सकते हैं। जिनकी मृत्यु अविवाहित स्थिति में हुई है उनके लिये पंचमी तिथि का श्राद्ध किया जाता है। सौभाग्यवती स्त्री की मृत्यु पर नियम है कि उनका श्राद्ध नवमी तिथि को करना चाहिये क्योंकि इस तिथि को श्राद्ध पक्ष में अविधवा नवमी माना गया है। यदि माता की मृत्यु हो गई हो तो उनका श्राद्ध भी नवमी तिथि को कर सकते हैं। जिन महिलाओं की मृत्यु की तिथि मालूम ना हो , उनका भी श्राद्ध नवमी को किया जाता है। इस दिन माता एवं परिवार की सभी स्त्रियों का श्राद्ध किया जाता है , इसे मातृ नवमी श्राद्ध भी कहा जाता है। इसी तरह एकादशी तिथि को सन्यास लेने वाले व्य???क्तियों का श्राद्ध करने की परंपरा है जबकि संन्यासियों के श्राद्ध की ति?थि द्वादशी (बारहवीं) भी मानी जाती है। श्राद्ध महालय के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को बच्चों का श्राद्ध किया जाता है। जिनकी मृत्यु अकाल हुई हो या जल में डूबने , शस्त्रों के आघात या विषपान करने से हुई हो , उनका चतुर्दशी की तिथि में श्राद्ध किया जाना चाहिये। सर्वपितृ अमावस्या पर ज्ञात–अज्ञात सभी पितरों का श्राद्ध करने की परंपरा है। इसे पितृविसर्जनी अमावस्या, महालय समापन आदि नामों से जाना जाता है। इस दिन हर कोई अपने पूर्वजों का श्राद्ध व पितृ तर्पण कर सकता है इसलिये इस अमावस्या को बहुत खास माना जाता है।

**पितृ पक्ष की पौराणिक कथा** पौराणिक कथाओं के अनुसार जब महाभारत के युद्ध में कर्ण का निधन हो गया था और उनकी आत्मा स्वर्ग पहुंच गई तो उन्हें रोजाना भोजन की बजाय खाने के लिये सोना और गहने दिये जाते थे। इस बात से निराश होकर कर्ण की आत्मा ने इंद्रदेव से इसका कारण पूछा। तब इंद्र ने कर्ण को बताया कि आपने अपने पूरे जीवन में सोने के आभूषणों को दूसरों को दान किया लेकिन कभी भी अपने पूर्वजों को भोजन नहीं दिया। तब कर्ण ने उत्तर दिया कि वह अपने पूर्वजों के बारे में नहीं जानता है और उसे सुनने के बाद भगवान इंद्र ने उसे 15 दिनों की अवधि के लिये पृथ्वी पर वापस जाने की अनुमति दी ताकि वह अपने पूर्वजों को भोजन दान कर सके। तब से इसी पंद्रह दिन की अवधि को पितृ पक्ष के रूप में जाना जाता है।

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज भारतीय जनता पार्टी ने स्वच्छता अभियान चलाया




रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर आज किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनुराग तिवारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि आज का दिन हमारे लिए अत्यंत शूभ है क्योकि आज भगवान विश्वकर्मा जी का दिवस है और आज के दिन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश मे श्रमिक दिवस के रूप मे मनाने को कहा है आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है जिसके सर्वमान्य नेता नरेंद्र मोदी है जिनके जन्मदिन को आज हम स्वच्छता अभियान कर मना रहे है और आज के दिन से पुरे पन्द्रह दिन भारतीय जनता पार्टी पुरे जिला मे सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेगी आज उपस्थित कार्यकर्ताओ द्वारा नगर के कचहरी चौक स्थित शहीद स्मारक मे परिसर की साफ सफाई कर अभियान चलाया गया कार्यकर्ताओ ने वीर शहीद के स्मारक पर माल्यार्पण कर राष्ट्रीय गान जन गण मन गाया उक्त कार्यक्रम मे प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन जिला उपाध्यक्ष व सेवा पखवाड़ा के जिला संयोजक अभिमन्यु राठौर पंकज अग्रवाल राहुल सेन योगेश चौरसिया सूर्यकांत सिंह सुरेंद्र यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे

# सीएम साय ने किया 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का राज्य स्तरीय शुभारंभ

रुद्रांश दर्पण रायपुर






**अरविन्द तिवारी रायपुर** – मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज रायपुर के तेलीबांधा तालाब परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का राज्य स्तरीय शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और तेलीबांधा तालाब परिसर में झाड़ू लगाकर सफाई की। उन्होंने स्वच्छता दीदियों तथा शहर को स्वच्छ बनाने में सहभागिता देने वाले सामाजिक संस्थाओं ग्रीन आर्मी, बंच ऑफ फूल्स, कुछ फर्ज हमारा भी और एवेंजर्स ग्रुप के साथ ही समाज सेविका श्रीमती शुभांगी आप्टे को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के शुभारंभ पर आयोजित स्वच्छता मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने नये स्वच्छता वाहनों को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। छत्तीसगढ़ में 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का शुभारंभ करते हुये मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिये। शहरों , गांवों एवं प्रदेश को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिये स्वच्छता को सामाजिक आंदोलन बनाने की जरूरत है। जन–जागरूकता से ही प्रदेश स्वच्छ और सुंदर बनेगा। उन्होंने कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आज उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामना देते हुये वहां मौजूद लोगों को विश्वकर्मा जयंती की भी बधाई दी। सीएम साय ने कार्यक्रम में अपने संबोधन में कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में स्वच्छ भारत मिशन की शुरूआत की। इसके बाद से ही घर–घर में शौचालय बनाने के लिये सहायता राशि दी गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी लगातार गरीबों और वंचितों के लिये काम कर रहे हैं। जनधन योजना के तहत देशभर में लोगों के बैंक खाते खुले। इन खातों में सरकार की विभिन्न योजनाओं की राशि बिना किसी लीकेज के हितग्राहियों तक पहुंच रही है। इन राशियों का बहुत बेहतर सदुपयोग भी हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं स्वच्छता दीदियों को शत–शत नमन करता हूं। वे घर–घर जाकर कचरे का संग्रहण कर रही हैं और स्वच्छता में महत्वपूर्ण सहभागिता निभा रही हैं। वे सूखे और गीले कचरे को अलग–अलग कर रिसायक्लिंग और खाद बनाने के लिये भेज रही हैं। श्री साय ने बताया कि उन्हें कल गुजरात में ग्लोबल रिन्यूएबल एनर्जी इन्वेस्टर्स मीट एंड एक्सपो में शामिल होने का अवसर मिला था , जिसमें वायुमंडल को स्वच्छ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किये जा रहे हैं। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव डॉ. बसवराजु एस. ने 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा की जानकारी देते हुये कहा कि 'स्वभाव स्वच्छता–संस्कार स्वच्छता' की थीम पर आज से राज्य के सभी 184 नगरीय निकायों में विशेष अभियान शुरू किया जा रहा है , इस दौरान विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जायेगा। स्वच्छता दीदियों को शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ ही मैराथॉन, साइक्लोथॉन, श्रमदान जैसी विविध गतिविधियां संचालित की जायेंगी। 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के शुभारंभ के मौके पर रायपुर संभाग के आयुक्त महादेव कावरे, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संचालक कुंदन कुमार, कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह, एसएसपी संतोष सिंह और नगर निगम के आयुक्त अबिनाश मिश्रा सहित विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा और अनुज शर्मा तथा महापौर एजाज ढेबर उपस्थित थे।

# धूमधाम से मनाया गया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन

रुद्रांश दर्पण जांजगीर-चांपा




भारतीय जनता पार्टी जिला जांजगीर चांपा द्वारा आज भाजपा जिला कार्यालय में देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का 74 वा जन्मदिन केक काटकर और मिठाई बांटकर मनाया गया, कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल ने कहा कि भारत के 15वें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने जीवन के सफलतापूर्वक 74 वर्ष पुरे कर लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस वर्ष अपने सेवा समर्पण और सुशासन के कार्यकाल के 11वें साल में प्रवेश कर चुके है और उनके नेतृत्व मे हम विकसित भारत के सपने को पुरा होते देख रहे है अभी हमारी पार्टी का पुरे देश मे सदस्यता अभियान चल रहा है और युवा किसान महिलाए बुजुर्ग सभी वर्ग बढ़ चढ़कर भाजपा का सदस्य बन रहे है आज मोदी जी जन्मदिन के अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओ द्वारा भगवान विश्वकर्मा जी को याद करते हुए उनके जयंती पर सभी की उज्वल भविष्य की कामना की गई आज के कार्यक्रम मे पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा यशवंत साहु अनुराधा शुक्ला मण्डल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी रवि पांडेय प्रदीप शराफ राम खुबवानी अजित गढ़वाल धर्मेंद्र राणा मुकेश जायसवाल पंकज अग्रवाल अनिल शर्मा दिनेश राठौर रितेश अग्रवाल प्रेमलता कौशिक संतोषी दुबे पलाश चंदेल पुष्पेनदर सिंह गजेंद्र सिंह अजय कौशिक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे

# आरडब्ल्यूडी सड़क का हो रहा है मरम्मत कार्य स्थानीय लोगों ने लगाया अनियमितता का आरोप

## सड़क बनने की कुछ ही दिन के बाद सड़क पर जहा तहा फटने लगा स्थानीय लोगों ने उच्च स्तरीय जांच की किया मांग

ठाकुरगंज कॉलेज मोर से चुरली बंगाल सीमा तक बनने वाली सड़क निर्माण कार्य में ग्रामीणों ने संवेदक पर अनियमितता बरतने का लगाया आरोप सड़क निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है स्थानीय ग्रामीणों विरोध किया, सड़क निर्माण कार्य आरडब्ल्यूडी प्रमंडल किशनगंज 2 के द्वारा करवाए जा रहे हैं जिसमें ग्रामीणों के द्वारा संवेदक पर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री से सड़क का निर्माण कार्य करने का आरोप लगाते हुए उच्च अधिकारी से जांच की मांग की है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि वर्षों से उक्त सड़क बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी जिस वजह से ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था मगर संवेदक के द्वारा जिस तरह घटिया सामग्री से सड़क का निर्माण कार्य कराया जा रहा है वह सड़क बनने की कुछ दिन बाद कहीं-कहीं फटने लगा है स्थानीय ने कहा कि उसे दिन के बाद तो लगता है कि



सड़क उखाड़ना शुरू हो जाएगा क्योंकि अभी सड़क बनने का ज्यादा दिन हुआ भी नहीं अभी से सड़क फटना शुरू हो गया है जिससे सरकार की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है जिम्मेदार अधिकारी इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है जबकि यह सड़क ठाकुरगंज प्रखंड क्षेत्र के कॉलेज मोड होते हुए चुरली बंगाल सीमा तक इस सड़क का निर्माण कार्य



करवाना है, सड़क के निर्माण कार्य के दौरान नही साइट पर इंजीनियर वह एसडीओ नजर आते हैं ना ही जिम्मेदार अधिकारी आया है और ग्रामीणों ने जिला पदाधिकारी से मांग की है कि सड़क का निर्माण कार्यसही तरीके से हो उक्त कार्य में ग्रामीणों ने घटिया बालू से निर्माण करने का भी आरोप लगाया है विगत कुछ ही दिन स्थानीय सांसद और विधायक के द्वारा सड़क का फीता काटकर उद्घाटन किया गया था और लोगों की शिकायत पर कार्रवाई करने का भी आश्वासन दिया था यह तो बहुत ही अफसोस की बात है की नाही सांसद और नाही विधायक अनियमितता बढ़तने वाले ठेकेदार पर कुछ बात कही सिर्फ जनता को आश्वासन देकर बात को छुपा रखा वहीं जदयू के कोषाजिला उपध्यक्ष सह जिला पार्षद प्रतिनिधि अहमद हुसैन ने लोगों की शिकायत पर खुद स्थल में जाकर सड़क को देखा तो सही जहां तहा सड़क फट गया है उन्होंने किशनगंज जिला पदाधिकारी से उच्च स्तरीय जांच की मांग किया और आज उन्होंने कहा कि हम इस मामला को लेकर जदयू किशनगंज जिला प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री जमा खान को इस इस मामला को लेकर लिखित शिकायत देंगे बन रहे सड़क अनियमितता से स्थानीय ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया

## गणपति प्रतिमा की शोभायात्रा निकालकर किया विसर्जन

**जहाजपुर, भीलवाड़ा।** उप तहसील पडेर में अनंत चतुर्दशी का पर्व पर देवसेना समिति पडेर के गोविंद धोबी ने बताया कि गणपति प्रतिमा को गणेश चतुर्थी के दिन विराजित किया था चौक में 10 दिन तक गरबा महोत्सव का प्रोग्राम रहा उसके बाद आज गणेश प्रतिमा का वाहन में विराजित कर डीजे बैंड बाजे ढोल ताशो के साथ नाचते गाते सैकड़ो भक्तों द्वारा गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ पूरे गांव पडैर सै शोभायात्रा निकालकर बस स्टैंड से होते हुए लालोलाई तालाब में विसरजित किया शोभायात्रा में देवसेना



समिति के अध्यक्ष हेमराज जाट सुरेश माली गोविंद धोबी पूर्व सरपंच महावीर शर्मा एवं सैकड़ो ग्रामीण शोभायात्रा के साथ थे शोभा यात्रा के दौरान पुलिस जाप्ता भी तैनात था

## असद सर्व सेवा सोसायटी की नई बिल्डिंग के छत डालने के काम का शुभारंभ किया गया

सांगली, ग्रामीण (महाराष्ट्र)। तहसील कड़ेगाव की असद सर्व सेवा सहकारी सोसाइटी को इस वर्ष का सभासद लेबल पे शत प्रतिशत वसूली कर पिछले 100 वर्षो का रिकार्ड तोड़ा है, पिछले 100 वर्षो में जो नही हो सका वो पतंगराव कदम सोनहिरा सहाकारी शक्कर कारखाने के पूर्व उपचेयरमैन प्रभाकर चंद्रकांत जाधव उर्फ पी.सी. दादा, पूर्व चेयरमैन संजय पंडरीनाथ जाधव उर्फ भाऊ के मार्ग दर्शन मै सोसायटी के चैयरमेन संजय कुमार जाधव उर्फ आप्पा ने दिनरात एक कर अपने सोसायटी को सभासद लेबल पर शत प्रतिशत वसूली करने के निश्चय को सचिव वैभव नेताजी जाधव, कलर्क अशोक निवास जाधव साथ ले अपने लक्ष को हासिल किया, जिस के लिए सांगली जिले मध्यवर्ती सहकारी बैंक सांगली की वार्षिक सभा में असद सर्व सेवा सहकारी सोसाइटी को सम्मान पत्र और



पुरस्कृत धन राशि का चेक दे सम्मानित किया गया था। आज असद सर्व सेवा सहकारी सोसाइटी के बिल्डिंग के दूसरे मंजिल के छत डालने का शूभारंभ पूर्व चेयरमैन अंकुश प्रभाकर जाधव ने मशीन की पूजा अर्चना कर नारियल फोडा उस वक्त पतंगराव कदम सोनहिरा सहकारी शक्कर कारखाने के संचालक प्रभाकर चंद्रकांत जाधव उर्फ पी.सी. दादा,असद सर्व सेवा सोसायटी के पूर्व चेयरमैन संजय पंडरीनाथ जाधव उर्फ भाऊ,असद सर्व सेवा सोसायटी के तत्कालीन चैयरमेन संजयकुमार जाधव उर्फ आप्पा,ग्राम पंचायत सदस्य नंदकुमार जाधव, आर्किटेक्चर इंजीनियर वसंत आर. जाधव संचालक संपत आनंदराव जाधव, जोतीराम रामचंद्र जाधव, सचिव वैभव नेताजी जाधव, कलर्क अशोक निवास जाधव, ताहिर मुलानी, भास्कर जाधव, विजय वसंत जाधव, गजानन कुंभार, मुबारक शिकलगार,आदि मौजूद थे। असद सर्व सेवा सहकारी सोसाइटी के नई बिल्डिंग का काम चालू हे, बिल्डिंग का काम पूरी पारदर्शकता से चल रहा है, बिल्डिंग के काम की देखरेख सोसायटी के चैयरमेन संजय कुमार जाधव उर्फ आप्पा, उप चेयरमैन यूनुस मुलानी, सचिव वैभव नेताजी जाधव, कलर्क अशोक निवास जाधव, पूर्व चेयरमैन अंकुश चंद्रकांत जाधव उर्फ काका और सोसायटी के संचालक संपत आनंदराव जाधव, लक्ष्मण भगवान जाधव, जोतीराम रामचंद्र जाधव, अनिल शंकर जाधव, संदेश आनंदराव जाधव, अप्पासो बापू भोकरे, महादेव शंकर जाधव,शामराव भीमराव पाटोले, सौ. दीपाली राजेंद्र जाधव, सौ. सुनीता भगवान जाधव, तज्ञ संचालक संभाजी आनंदा जाधव, दत्तात्रय भागवत जाधव की निगरानी में किया जा रहा है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सादुलशहर विधायक ने श्रमदान किया

अनूपगढ़ / श्रीगंगानगर। भारत सरकार द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत चलाये जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान ''स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता'' की थीम के अन्तर्गत मंगलवार को सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़ द्वारा सादुलशहर में भीमराव अम्बेडकर चौक पर स्थापित मूर्ति की सफाई कर माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम में विधायक बराड़ ने आमजन को स्वच्छता ही सेवा अभियान की जानकारी देते हुए सभी से घर और अपने आसपास सफ़ाई व्यवस्था बनाए रखने व गीले, सूखे कचरे को अलग अलग डालने का आह्वान किया। इस अवसर पर विधायक के नेतृत्व में उपखण्ड अधिकारी रवि कुमार, ईओ राकेश कुमार




अरोड़ा, सुरेन्द्र कुमार मीणा, गिरीश चावला, अमरनाथ अग्रवाल, पवन कुमार, पार्षदगण, गणमान्यजन, नगरपालिका कर्मचारी, शहरी नरेगा योजना के श्रमिकों द्वारा स्वच्छता की शपथ लेते हुये अभियान का आगाज किया गया। इसके साथ ही स्वच्छता रैली का भी आयोजन किया गया। शपथ के बाद विधायक के नेतृत्व में बस स्टेंड की साफ-सफाई कर श्रम दान करते हुए अतिथियों द्वारा अभियान के तहत हस्ताक्षर किये गये। इस अवसर पर बस स्टेण्ड स्थित अन्नपूर्णा रसोई का अतिथियों द्वारा निरीक्षण भी किया गया।

### मरम्मत न होने पर लोकहित मंच अध्यक्ष मनोज भिसे ने दी आंदोलन की चेतावनी



सांगली / सोलापुर । सांगली में कोल्हापुर में रोड पर सैकड़ों गड्ढे हैं, जिसके कारण इस सड़क से आने जाने वाले मुसाफिर नागरिकों के लिए इस सड़क पर यात्रा करना खतरनाक हो गया है और यह यातायात मार्ग जानलेवा बन गया है देखा जा रहा है कि ठेकेदारों द्वारा सड़क निर्माण के बाद भी अगले कुछ वर्षों तक उक्त सड़कों का रख-रखाव एवं मरम्मत किया जाना अनिवार्य है, लेकिन देखा नहीं जा रहा है. लोकहित मंच के अध्यक्ष मनोज भिसे ने आरोप लगाया है कि लोक निर्माण विभाग के अधिकारी जानबूझकर उक्त ठेकेदारों की समस्याओं से आंखें मूंद रहे हैं। हालांकि सांगली के विधायक और सांसद उसी सड़क से आते-जाते हैं, लेकिन वे भी इसे नजरअंदाज कर रहे हैं. अध्यक्ष मनोज भिसे ने चेतावनी दी है कि जल्द से जल्द सड़क की मरम्मत की जाए, अन्यथा लोकहित मंच की ओर से हम इन गड्ढों की मरम्मत करेंगे. वो भी हमारे अपने खर्च से।

### घरेलू गैस सिलेंडर की अवैध रिफिलिंग की शिकायत, रसद विभाग ने की कार्यवाही की



अनूपगढ़ / बीकानेर। घरेलू गैस सिलेंडर को अवैध रूप से वाहनों में रिफिलिंग करने एवं इनके दुरुपयोग की शिकायत पर जिला कलेक्टर (रसद) द्वारा गठित प्रवर्तन जांच दल ने मंगलवार को जयपुर रोड स्थित सुभाष पेट्रोल पम्प के पास स्थित एक कार वाशिंग सेंटर के विरुद्ध कार्यवाही की। जिला रसद अधिकारी भागूराम महला ने बताया कि मोनू कार वाशिंग सेन्टर के बाड़े में 10 घरेलू सिलेण्डर, दो इलेक्ट्रॉनिक काँटे व चार गैस रिफिलिंग मशीनें जब्त की गई। प्रवर्तन अधिकारी पवन सुथार व प्रवर्तन निरीक्षक प्रखर भार्गव ने घरेलू गैस सिलेण्डरों का व्यावसायिक उपयोग करने पर राकेश कुमार पुत्र सतबीर के विरुद्ध कार्यवाही की। जिला रसद अधिकारी ने बताया कि घरेलू गैस सिलेण्डरों से वाहनो में अवैध रिफिलिंग किए जाने पर संबंधित के विरुद्ध द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (वितरण व आपूर्ति विनियमन) आदेश 2000 का उल्लंघन करने पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान जब्त की गई सामग्री को खतूरिया कॉलोनी में स्थित जश्मान एचपी गैस एजेंसी को सुपुर्द कर, गोदाम में सुरक्षित भण्डारण करवाया गया।

### गुलशन कौशल दैनिक प्रातः संकलन समाचार पत्र के रुपवास तहसील संवाददाता बने



राजस्थान। राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र प्रातः संकलन के राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ की अनुशंसा पर युवा पत्रकार एवं समाजसेवी गुलशन कौशल को राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र प्रातः संकलन का भरतपुर जिले की रुपवास तहसील का संवाददाता नियुक्त किया गया है। युवा गुलशन कौशल की यह नियुक्ति राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ की अनुशंसा पर प्रधान संपादक संतोष सिंह तोमर ने की है। अपनी इस नियुक्ति के लिए गुलशन कौशल ने प्रधान संपादक संतोष सिंह तोमर सहित राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ का हार्दिक आभार जताया है। गौरतलब है कि रुपवास तहसील के नवनियुक्त संवाददाता गुलशन कौशल अपने क्षेत्र रुपवास व आसपास क्षेत्रों के निष्पक्ष समाचार व विज्ञापन देने तथा अपनी जिम्मेदारी पर अन्य व्यक्तियों को समाचार पत्र से जोड़ने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही राजस्थान संपादक भैरु सिंह राठौड़ ने गुलशन कौशल को समाचार पत्र प्रातः संकलन की प्रसार संख्या बढ़ाने व विज्ञापन हेतु निर्विघ्न रुप से कार्य करने को लिए निर्देशित किया है। इस पर गुलशन कौशल ने अपनी सहमति जताई है। गुलशन कौशल की इस नियुक्ति पर कई इष्ट मित्रों व शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) अलवर ईकाई द्वारा ज़िला कार्यकारणी की घोषणा की गई

अलवर। जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान के द्वारा की गई, जिसमें संगठन के संरक्षक के रुप में उपेन्द्र सिंह राठौड़, खेम सिंह आर्य, महिपाल सिंह शेखावत को दायित्व सोपा गया है ।जिला महासचिव के पदपर जगदीश शर्मा वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के पद पर बाबू लाल शर्मा अजीत गोयल अवधेश सिंह अनिल कुमार गुप्ता जिला उपाध्यक्ष के पद पर राकेश कुमार गोयल हेम सिंह चौहान अशोक जैन गोपाल सिंह सोलंकी जिला सचिव के पद पर सुनील दत्त रांगेरा चंदू



आचार्य अमित खेड़ापति छगन चेतीवाल सह सचिव के पद पर कृष्णा सोलंकी अशोक भारद्वाज अनिल अग्रवालधर्मेन्द्र शर्मा जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि शीघ्र ही जिला कार्यकारणी के नव नियुक्त पदाधिकारियों का स्वागत किया जावेगा।

## मुख्यमंत्री ने 5100 करोड़ के 920 कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया

अनूपगढ़ / बीकानेर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में 'मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव' जयपुर में मंगलवार को आयोजित हुआ।इस दौरान आठ हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। जिला मुख्यालय पर रवींद्र रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कार्मिकों से वर्चुअल माध्यम से संवाद कर उनका उत्साह-वर्धन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री प्रदेश में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़े की शुरुआत की और मां वाउचर योजना का शुभारंभ किया। श्री शर्मा ने लगभग 5100 करोड़ रुपये की लागत के 920 कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। पीएम कुसुम योजना के तहत 5254 करोड़ रुपये की लागत से 608 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। नमस्ते योजना के लाभार्थियों को पीपीई किट भी वितरित किए गए। पीएम आवास योजना ग्रामीण के 1 लाख 45 हजार लाभार्थियों को आवास स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए एवं 31 हजार लाभार्थियों का गृह



प्रवेश हुआ।कार्यक्रम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री गजेंद्र सिंह खींवसर अध्यक्ष एवं विधि एवं विधिक कार्य विभाग मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। मुख्यमंत्री ने बीकानेर के 14.10 करोड़ रुपए की लागत के 13 कार्यों का शिलान्यास और 107.32 करोड़ रूपये की लागत के 45 पूर्ण कार्यों का लोकार्पण किया। इस प्रकार उन्होंने 121.42 करोड़ रुपए के कुल 58 कार्यों का लोकार्पण अथवा शिलान्यास करते हुए बीकानेर को बड़ी सौगातें दी। रोजगार उत्सव के दौरान जिले से संबंधित शिक्षा विभाग के 99, वन विभाग के 80, चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग 69, पशुपालन विभाग के 39, विधि विभाग के 5, सांख्यिकी के दो और स्वायत्त शासन विभाग के एक कार्मिक सहित कुल 295 कार्मिकों को नियुक्ति पत्र दिया गया। इस दौरान बीकानेर (पूर्व) विधायक सुश्री सिद्धि कुमारी, खाजूवाला विधायक डॉ विश्वनाथ मेघवाल, बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास, जिला कलेक्टर श्रीमती नम्रता वृष्णि, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोहन लाल, अतिरिक्त कलेक्टर (नगर) रमेश देव, अतिरिक्त संभागीय आयुक्त ओपी बिश्नोई, उपनिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. राहुल हर्ष, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश गुप्ता, डॉ. सत्यप्रकाश आचार्य, पार्षद किशोर आचार्य, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. शिवप्रसाद जोशी , सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एलडी पंवार, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के अतिरिक्त निदेशक सत्येंद्र सिंह, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेंद्र शर्मा, विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता भूपेंद्र भारद्वाज, सहायक लेखाधिकारी इकरार हुसैन आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का प्रबंधन चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय दल द्वारा किया गया। संचालन संजय पुरोहित ने किया।

## नवनियुक्त कार्मिकों को मिले नियुक्ति पत्र विकास कार्यों का लोकार्पण शिलान्यास किया

अनूपगढ़ / श्रीगंगानगर। माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में मंगलवार को जयपुर में द्वितीय मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव का राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान माननीय मुख्यमंत्री द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाडे की शुरूआत, माँ वाउचर और नमस्ते योजना का शुभारम्भ, नवनियुक्त कार्मिकों को नियुक्ति पत्र सौंपने और विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास करने के साथ-साथ पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और आवास स्वीकृति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को



आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और आवास स्वीकृति पत्र दिए गए।राज्य स्तरीय कार्यक्रम से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जुड़े जिला स्तरीय आयोजन में गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़, जिला कलक्टर डॉ. मंजू, जिला प्रमुख कविता रेगर, नगर परिषद सभापति गगनदीप कौर पांडे, एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार द्वारा पीएम आवास योजना के लाभार्थियों को आवास पूर्णता प्रमाण पत्र और आवास स्वीकृति पत्र सौंपे गए। कार्यक्रम में एडीएम सतर्कता नरेंद्र पाल सिंह, एसडीएम रणजीत कुमार, सीएमएचओ डॉ. अजय सिंगला, पीएमओ डॉ. दीपक मोंगा, एएसपी श्री रघुवीर शर्मा, प्रशिक्षु आईएएस रजत यादव, आयुक्त रीना, सुमित्रा बिश्नोई, अशोक कुमार असीजा, राजीव गुप्ता, जेपी सुथार, डॉ. सतीश शर्मा, विक्रम सिंह, हरीश मित्तल, डॉ. नरेश गुप्ता, डॉ. अजय मेहता, डॉ. कर्ण आर्य, सुरेंद्र बिश्नोई, सुखमन जोहल, मोहनलाल, रमेश मदान, गिरजेशकान्त शर्मा, श्री धर्मवीर डुडेजा सहित अन्य मौजूद रहे।

कंधों पर नहीं नाव पर ले जाना पड़ा शव

# चारपाई पर बन रहा खाना...जरूरी सामान की पड़ी किल्लत

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में गंगा नदी,केन नदी, चम्बल नदी, शारदा और यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसकी वजह से प्रदेश के फर्रुखाबाद, गोण्डा, बलिया, लखीमपुर खीरी , बाराबंकी , जालौन , सीतापुर, देवरिया, बांदा, गौतमबुद्धनगर तथा पीलीभीत जिले बाढ़ से प्रभावित हैं। लखीमपुर खीरी जिले में पलिया, बिजुआ, निघासन, धौरहरा और फूलबेहड़ इलाकों में बाढ़ से 250 गांवों के लोगों की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। घरों में पानी भरा हुआ है। बच्चों को दूध और अन्य आवश्यक वस्तुएं नहीं मिल पा रही हैं। प्रशासन की ओर से खाने के पैकेट तो पहुंचाए जा रहे हैं। लेकिन, बाढ़ की वजह से लोगों की यह मुसीबतें कम नहीं हो रही। शवों को जलाने के लिए भी जगह नहीं है। शव को जलाने के लिए नाव में रखकर दूर तक का सफर तय करना पर रहा है।

**चारपाई पर खाना बनाने को विवश है लोग**

बता दें कि बाढ़ की वजह से पतिया ग्राम पंचायत के गांव भानपुरवा में तहसीलदार भीमचंद ने 200 लंच पैकेट, लेखपाल श्याम किशोर ने भदुरैहिया गदियाना में 150 और प्रधान इकराम अली ने पतिया गांव पश्चिम मोहल्ले में 50 लंच पैकेट वितरित किए। बल्लीपुर ग्राम पंचायत के गांव गोतेबाजपुरवा की स्थिति काफी दयनीय है। 25 से अधिक घरों के लोग आज भी छतों और चारपाई पर खाना बनाने को विवश है। गांव में आने जाने के रास्ते भी बाढ़ की वजह से बाधित है। यहां पर प्रशासन ने अभी तक राहत सामग्री नहीं पहुंचाई।

शव का अंतिम संस्कार करने के लिए किया 3 चरू का सफर लखीमपुर जिले में बाढ़ की तबाही के



बीच एक दिल को झकझोर देने वाली तस्वीर सामने आई है। यहां ग्रामीण के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए 3 किलोमीटर तक नाव का सहारा लेना पड़ा। जिले के लगभग डेढ़ सौ गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। आलम यह है, कि लोगों के पास खाना बनाने से लेकर अंतिम संस्कार करने तक को जगह नहीं बची है।सदर तहसील की फूलबेहड़ क्षेत्र का बसहा गांव भी बाढ़ में पूरी तरह से डूबा हुआ है। बाढ़ की भिभिषिका के बीच गांव के ही रामस्वरूप की मौत हो गई। हर जगह पानी होने की वजह से राम स्वरूप के शव के अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को तीन किलोमीटर का सफर तय करना पड़ा। परिजन नाव पर रामस्वरूप का शव रखकर तटबंध पर पहुंचे और अंतिम संस्कार किया।

# मुस्लिम पक्ष को बड़ा झटका, नहीं मिल पाया स्टे...अब चार नवंबर को सुनवाई

**आगरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि ईदगाह प्रकरण में मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर कोई स्टे नहीं दिया। मुस्लिम पक्ष हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट की शरण में गया था। सुप्रीम कोर्ट में अब इस पर चार नवंबर को सुनवाई होगी। कहा है कि रिट का परीक्षण किया जाएगा। हालांकि कोर्ट ने यह भी कहा कि यह रिट इलाहाबाद हाईकोर्ट की डबल बेंच में पहले होनी चाहिए थी। इसका भी परीक्षण होगा।एक अगस्त को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा के श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही मस्जिद ईदगाह विवाद को सुनवाई योग्य माना था। कोर्ट ने शाही ईदगाह मस्जिद की जमीन के स्वामित्व को लेकर हिंदू पक्षकारों की ओर से दाखिल सभी 15 सिविल वादों को सुनने योग्य मानते हुए मुस्लिम पक्ष की पांचों आपत्तियां खारिज कर दीं। ईदगाह कमेटी ने इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

अपील दाखिल कर कहा गया है कि हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष के दावों को जो सुनवाई योग्य माना है वह गलत है। मुस्लिम पक्ष के इस प्रार्थना पत्र पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई तय की गई थी। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष एडवोकेट महेंद्र प्रताप सिंह एवं पक्षकार आशुतोष पाण्डेय के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मंगलवार को कोई स्टे नहीं दिया। कहा है कि इस परीक्षण होगा और चार नवंबर अगली तारीख तय कर दी गई है। सुप्रीम कोर्ट में कोर्ट संख्या2 में जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार इस मामले को सुना।



**हिंदू पक्षकारों की दलीलें**

ईदगाह का पूरा ढाई एकड़ क्षेत्र श्रीकृष्ण विराजमान का गर्भगृह है, वह हिस्सा भी जिसमें शाही ईदगाह मस्जिद है।

शाही ईदगाह मस्जिद कमेटी के पास भूमि का कोई ऐसा रिकॉर्ड नहीं है।

श्रीकृष्ण मंदिर तोड़कर शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण किया गया है।

बिना स्वामित्व अधिकार के वक्फ बोर्ड ने बिना किसी वैध प्रक्रिया के इसे वक्फ संपत्ति घोषित कर दिया है।

**मुस्लिम पक्ष की दलील**

जमीन पर दोनों पक्षों के बीच 1968 में समझौता हुआ है। 60 साल बाद समझौते को गलत बताना ठीक नहीं है। लिहाजा, मुकदमा चलने योग्य नहीं है। उपासना स्थल अधिनियम 1991 के तहत भी मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है।

सीएम योगी के वाराणसी दौरे का दूसरा दिन

# बोले- पहले वरूणा फिर असि नदी का करेंगे विकास

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वाराणसी की पहचान असि और वरूणा से है इसे देखते हुए पहले वरूणा और बाद में असि नदी का विकास करेंगे। अनंत चतुर्दशी, देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा और देश के शिल्पी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

प्रधानमंत्री के 74 वें जन्मदिवस पर मुख्यमंत्री योगी ने काल भैरव मंदिर, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन किया। स्वच्छता ही सेवा रैली का शुभारंभ किया।काशीवासियों को कई परियोजनाओं की सौगात दी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम के दीर्घायु के लिए मंदिर चौक में विशेष हवन पूजन किया। गोदौलिया स्वच्छता ही सेवा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मंडलीय अस्पताल में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा आयोजित ब्लड डोनेशन प्रोग्राम का उद्घाटन किया।

रूद्राक्ष कनवेंशन सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में मुखूयमंयत्री पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र दिया। साथ ही स्मार्ट क्लास और विद्या शक्ति कार्यक्रम का लोकार्पण किया। क्यूआर कोड आधारित गृह कर जलकर व टू डोर वेस्ट कलेक्शन योजना शुरू किया।

क्यू आर कोड द्वारा ऑनलाइन पोर्टल से दुकानों का किराया जमा करने की सुविधा का भी शुभारम्भ किया।



**सीएम योगी ने प्रसाद के रूप में वितरित किए 74 किलो का लड्डू** मुख्यमंत्री ने मंगलवार सुबह सबसे पहले काशी कोतवाल बाबा कालभैरव मंदिर पहुंच कर दर्शन पूजन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर विशेष पूजा व हवन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर परिसर में 74 किलो के लड्डू का प्रसाद वितरित किया।

# घरों से निकल खेतों में छिपे, बच्चों की न पत्नी की थी चिंता बस खुद की जान की थी फिक्र

**आगरा।** फिरोजाबाद के शिकोहाबाद के नौशहरा के पास रूकनपुर इलाके में पटाखा गोदाम में विस्फोट ने कई घरौंदों को एक ही पल में उजाड़कर रख दिया। धमाके के बाद पलक झपकते ही कई मकान जमींदोज हो गए। मकानों के अंदर रह रहे लोग मलबे के नीचे दब गए। वहीं इस हादसे में बच्ची समेत पांच लोगों की मौत हो गई।

हादसा इतना भयावह था कि हर कोई इस धमाके के बाद घरों से बाहर निकलकर अपनी जान बचाने के लिए खेतों की ओर दौड़ पड़ा। न बच्चों की चिंता थी न पत्नी की। चिंता थी तो बस सभी को अपनी-अपनी जान बचाने की। विस्फोट के बाद अचानक से भगदड़ मच गई। लोग मलबे के ऊपर से होकर भाग रहे थे और गिरकर चोटिल भी हो रहे थे।

घटनास्थल पर मौजूद अनिल कुशवाहा ने बताया कि वह परिवार के साथ खाना खा रहे थे। तभी रात सवा दस बजे करीब यह धमाका हुआ। अचानक धमाका होते ही मकान का लिंटर और दीवारें गिर गईं। जब तक वह कुछ समझ पाते। तब तक परिवार के लोग मलबे के नीचे दब चुके थे।

कई लोगों को उसने निकालने का प्रयास किया। इस प्रयास में वह और दो बच्चियां दीक्षा (8) दिव्यांशी (5) बच निकले। बाकी उसकी मां मीरा देवी मलबे के नीचे दबकर तड़पती रहीं। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने बिना समय गंवाए राहत बचाव कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने मलबे के नीचे दबी हुई मीरा देवी को किसी तरह बाहर निकाला, लेकिन कुछ ही देर बाद उसने दम तोड़ दिया।

**500 मीटर दूर तक मकानों पर गिरी ईंटें**

पटाखा गोदाम में आग लगने के बाद धमाके की तीव्रता इतनी जबरदस्त थी, कि घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूरी तक बने हुए मकानों पर पत्थर गिरे। घरों के बाहर खड़े कई वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। मकानों के लिंटर गिर गए। चारों तरफ सिर्फ मलबा ही मलबा पड़ा हुआ था।

**लोगों ने पथराव करने का किया प्रयास**

घटना के बाद मौके साढ़े दस बजे करीब मौके पर पहुंचे। एक समय ऐसा भी आया, जब गुस्साए लोगों ने पुलिस पर ही पथराव करने का प्रयास किया। गनीमत रही कि इंस्पेक्टर ने अपनी सूझबूझ से पथराव की घटना को समय रहते लोगों को समझाकर टाल दिया।

**लखनऊ तक पहुंची पटाखा गोदाम से उठे धमाके की गूंज**

हादसा इतना भयावह था कि धमाके की गूंज जनपद फिरोजाबाद और आगरा में ही नहीं, बल्कि लखनऊ तक गूंजी। रात में ही लखनऊ से अधिकारियों के फोन आने शुरू हो गए थे। खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शिकोहाबाद में हुई इस घटना का संज्ञान लिया है।

साथ ही कठोर कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

यूपी में एक ट्रेन पलटाने की साजिश

# घटनास्थल पर मिला ये चौंकाने वाला सामान गिट्टियों वाली जगह से 20 कदम दूर...

**वाराणसी।** यूपी के गाजीपुर सिटी स्टेशन के पास गेट नंबर 27-28 के बीच रखे लकड़ी के टुकड़े की घटना को लेकर दिल्ली तक के अधिकारी गंभीर हो गए हैं। जांच में लगीं एजेंसियां और पुलिस इसे साजिश, चुनौती या शरारत मानकर कार्रवाई को आगे बढ़ा रही हैं। वजह 10 सितंबर को भी इसी स्थान पर रेलवे ट्रैक पर तीन मीटर तक गिट्टियां रख दी गईं थी। प्रयागराज से बलिया जा रही मेमू ट्रेन के इंजन पर पथराव हुआ था। रविवार की रात भी गिट्टियां वाले स्थान से 20 कदम दूर लकड़ी का टुकड़ा रख दिया गया। अप स्वतत्रंता सेनानी एक्सप्रेस रविवार रात गाजीपुर घाट स्टेशन से गाजीपुर सिटी स्टेशन के लिए आ रही थी। रात 2.40 पर जमानिया रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे किमी संख्या 126/31-33 के मध्य चालक ने गार्ड रेल व रंनिंग रेल लाइन के बीच एक लकड़ी का टुकड़ा खड़ी अवस्था में देख इमरजेंसी ब्रेक लगा दी।

इसके बाद टुकड़ा इंजन में फंसने से ट्रेन रगड़ खाते हुए करीब 400 मीटर आगे तक गई। घटना के बाद से रेल प्रशासन में हड़कंप मचा है। बता दें कि गिट्टियों वाले मामले में आरपीएफ ने शहर कोतवाली क्षेत्र के चक फैज छतरी निवासी दानिश अंसारी (18), सोनू कुमार (20) और आकाश कुमार (22) को गिरफ्तार किया है। तीनों रोजाना रात में रेलवे पटरी किनारे गांजे का नशा करते थे। आरोपियों ने बताया था कि वे नशे की हालत में मस्ती के लिए ऐसा करते थे।

जांच में लगे जिम्मेदार आशंका जता रहे हैं कि रेलवे की कार्रवाई से खफा होकर आरोपियों के करीबियों ने लकड़ी रख दी हो। या फिर नशेड़ियों के लिए अड्डा बने इस स्थान से नशेड़ियों को हटाने या पास चल रहे टाल संचालक को फंसाने के लिए तो ऐसा नहीं किया गया है। अधिकारी इस बात को लेकर भी जांच करने में जुटे हैं कि एक सप्ताह के अंदर दो घटनाएं किसी साजिश का हिस्सा तो नहीं। हालांकि इसपर जिम्मेदार अभी कुछ बोलने को वे तैयार नहीं है।

**रात डेढ़ बजे के बाद ट्रैक पर रखी गई लकड़ी**

रेलवे की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि है कि लकड़ी का बोटा रात डेढ़ बजे के बाद ही रखा गया। रेलवे से जुड़े लोगों के मुताबिक जिस स्थान पर घटना हुई वहां इसी ट्रैक से करीब एक बजे मालगाड़ी गुजरी थी, जबकि अप लाइन से करीब डेढ़ बजे भी एक मालगाड़ी गुजरी थी। इनके लोको पायलट से भी जानकारी हासिल की गई।

उन्होंने बताया कि उनकी नजर इस तरह की लकड़ी पर नहीं पड़ी थी। दूसरी ओर आरपीएफ का दावा है कि रात 12 बजे तक पेट्रोलिंग हुई थी, उस समय ऐसा कुछ भी नहीं था।

सुलगती रही अशांति की चिंगारी...

# शांति समिति की बैठकों में भी माहौल नहीं भांप सके अफसर



**बरेली।** बरेली के संवेदनशील जोगी नवादा मोहल्ले में अशांति की चिंगारी सुलगती रही, पर पुलिस इसे भांपने में नाकाम रही। शांति समिति की बैठकों के नाम पर रस्म अदायगी की जाती रही। लोगों के दिल में भरे गुबार का आकलन खुफिया तंत्र भी नहीं कर सका। यहां मामूली चिंगारी से ही माहौल भड़क सकता था, गनीमत रही जो बवाल टल गया।

चार दिन पहले बारादरी थाने में शांति समिति की बैठक की गई थी। इसमें अंजुमन जुलूस के आयोजकों के साथ ही दोनों पक्षों के संभ्रांत लोगों को बुलाया गया था। दोनों ओर से सहयोग का आश्वासन दिया गया, पर पुलिस माहौल नहीं भांप सकी। इसका नतीजा रविवार को हंगामे के रूप में देखने को मिला। दोनों ओर से लोग नारेबाजी कर पुलिस-प्रशासन पर कटाक्ष कर रहे थे। पुलिस को लोगों की धक्कामुक्की के साथ पानी की बौछार भी झेलनी पड़ी पर बल प्रयोग से पुलिस बचती रही। सुबह तक लोगों का गुस्सा और जोश दोनों ठंडे पड़ गए और वह घरों को चले गए।

जोगी नवादा और उससे जुड़ी चक महमूद बस्ती में रविवार शाम से शुरू हुआ हंगामा पूरी रात जारी रहा। यह स्थिति अनायास ही नहीं बनी। दोनों पक्ष में शामिल कुछ खुराफाती तत्व काफी समय से ऐसे माहौल का इंतजार कर रहे थे।

पिछले साल कांवड़ यात्रा के दौरान ऐसे ही लोगों ने हवाई फायरिंग कर माहौल बिगाड़ा था। इसके बाद कई बार दोनों पक्षों में तनातनी हो चुकी है।

दूसरे दिन भी जुलूस निकालने की कोशिश

ईद मिलादुन्नबी जुलूस को लेकर रविवार रातभर दोनों पक्ष आमने सामने रहे। सुबह तक धार्मिक नारे गूंजते रहे। सोमवार को फिर ऐसी ही कोशिश हुई पर कारगर न हो सकी। दोनों ओर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

इस बार ईद मिलादुन्नबी का मुख्य जुलूस शांतिपूर्वक निकल गया, लेकिन जोगी नवादा में अंजुमनों के रास्ते को लेकर पेच फंस गया। मौर्य गली से चार अंजुमनों का जुलूस निकलकर मुख्य जुलूस में शामिल होना था, लेकिन सारी कवायद धरी रह गई।

मौर्य गली के लोगों ने इस पर ऐतराज जता दिया। रविवार शाम से ही दोनों ओर भीड़ जमा हो गई। पुलिस कभी एक तो कभी दूसरे पक्ष को समझाती रही। पूरी रात दोनों ओर से शक्ति प्रदर्शन होता रहा, लेकिन सुबह छह बजे तक नतीजा नहीं निकला।

स्वामी प्रकाशक एव मुद्रक अंतरिक पवार द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स , प्लाट न. 26 बी दशबंधु परिसर प्रस कॉम्प्लक्स जोन 1 एम. पी. नगर भोपाल म. प्र. 462011 स मुद्रित एव ज 144 तृतीय तल हर्षवर्धन नगर भोपाल मध्यप्रदेश 462003 स प्रकाशित
संपादक : अंतरिक्ष पवार मोबाइल नं. 8770227143 सहसंपादकः मोनिका सूर्यवंशी मोबाइल नं. 8224095350 समस्त न्यायिक कायर्वहियो के लिए क्षत्राधिकारी भोपाल न्यालय का रहेगा RNI No. MPHiN/2016/67534